दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र


प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-31 सीहोर,मंगलवार 17 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## एलपीजी संकट पर राज्यसभा में सत्तापक्ष व विपक्ष में तीखी नोंकझोंक

नई दिल्ली,(ए.)। देश में लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की उपलब्धता और कीमतों के मुद्दे सोमवार को राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक देखने को मिली। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देश में एलपीजी आपूर्ति प्रभावित होने का मुद्दा उठाया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने उन्हें टोका, जिसके बाद सदन में कुछ देर के लिए माहौल गर्म हो गया।खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण देश में एलपीजी संकट की स्थिति बन गई है। भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें करीब 90 प्रतिशत आपूर्ति होर्मुज की खाड़ी के रास्ते से आती है। ऐसे में हालात बिगड़ने से देश के कई हिस्सों में आम जनता, होटल, रेस्टोरेंट और हॉस्टल सहित विभिन्न क्षेत्रों में परेशानी बढ़ गई है।



उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर एलपीजी सिलेंडर के दाम 5,000 रुपये से अधिक तक पहुंच गए हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया था कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है और अफवाहों से बचने को कहा था, लेकिन जमीनी हालात अलग दिखाई दे रहे हैं।खरगे ने आरोप लगाया कि जब पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ा था, तब सरकार ने भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी। उस समय से सरकार को यह मालूम था कि ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ सकता है, इसके बावजूद पर्याप्त तैयारी नहीं की गई। उन्होंने कहा कि शहरों में एलपीजी सिलेंडर बुकिंग का वेटिंग पीरियड 25 दिन और ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में 45 दिन तक पहुंच गया है, जिससे पैनिक बुकिंग और जमाखोरी की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने सरकार से इस विषय में तत्काल ठोस कदम उठाने और आम लोगों तथा छोटे व्यापारियों को किफायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की।इस पर राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि उन्हें दुख है कि विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस, विपत्ति के समय भी राजनीति करने से पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न हुई समस्या भारत के कारण नहीं है और इस मुद्दे पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी पहले ही सदन में विस्तृत जानकारी दे चुके हैं।




नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध प्रदर्शन के दौरान, इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब (केंद्र में) पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ।

## फरवरी में बढ़त के साथ 11 महीने में महंगाई शीर्ष पर पहुंची, खाने-पीने की चीजें हुई महंगी



### -थोक मूल्य आधारित महंगाई दर बढ़कर 2.13 फीसदी पर, लगातार चौथे महीने आया उछाल

नई दिल्ली,(ए.)। खुदरा महंगाई के अब थोक महंगाई की दर में भी तेज उछाल दिख रहा है। फरवरी में यह बढ़त के साथ 11 महीने के शीर्ष पर पहुंच गई है। उपभोक्ता मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 2.13 फीसदी पहुंच गई। यह लगातार चौथा महीना है जब थोक महंगाई में उछाल आया है।उपभोक्ता मंत्रालय ने बताया कि थोक महंगाई लगातार चौथे महीने बढ़कर फरवरी में 2.13 फीसदी हो गई है, जिसमें खाद्य और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि मुख्य कारण रही। हालांकि, सब्जियों की कीमतें महीने दर महीने कम हुई हैं, लेकिन अन्य उत्पादों के दाम बढ़ने से थोक महंगाई पर इसका असर दिखा। जनवरी में थोक महंगाई की दर 1.81 फीसदी थी और पिछले साल फरवरी महीने में 2.45 फीसदी थी। हालांकि, पिछले साल के मुकाबले अभी यह थोड़ी नीचे है लेकिन माना जा रहा है कि मौजूदा हालात को देखते हुए जल्द ही इस स्तर को भी पार कर जाएगी।उद्योग मंत्रालय ने बताया कि फरवरी 2026 में महंगाई की सकारात्मक दर मुख्य रूप से अन्य विनिर्माण, मूल धातुओं के निर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है।

## सरकार ने फिर दोहराया देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं

नई दिल्ली, (ए.)। केन्द्र सरकार पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच देश में ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित निकासी और भारतीयों की स्वदेश वापसी के प्रयास कर रही है। सरकार ने फिर दोहराया कि देश में कुकिंग गैस की कोई किल्लत नहीं है और वितरण एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। एलपीजी से लदा एक जहाज भारतीय तट पर पहुंच रहा है।पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को सप्लाई लगातार मिल रही है और डिस्ट्रीब्यूटर-लेवल पर कहीं भी स्टॉक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि अब लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन ही की जाती हैं और 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' का इस्तेमाल बढ़कर 72 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

## होर्मुज से एलपीजी लेकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंचा भारतीय जहाज शिवालिक




नई दिल्ली, (ए.)। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच भारत के लिए राहत देने वाली खबर सामने आई है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर भारतीय ध्वज वाला शिवालिक जहाज 45,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लेकर गुजरात के मुंद्रा पोर्ट बंदरगाह पहुंच गया है। दूसरा जहाज नंदा के भी जल्द आने के बाद देश में रसोई गैस की किल्लत कम होने के आसार हैं।इजराइल और अमेरिका के ईरान पर संयुक्त हमले के चलते हॉर्मुज जलडमरूमध्य में फंसा भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर शिवालिक शिवालिक 45,000 टन एलपीजी लेकर सोमवार को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर सुरक्षित पहुंच गया है। युद्ध क्षेत्र से सुरक्षित निकले इस जहाज से देशभर में चल रहा एलपीजी संकट दूर होने की उम्मीद है।इससे पहले जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया था कि भारतीय ध्वज वाला एलपीजी वाहक शिवालिक आज शाम 5 बजे पहुंच जाएगा। कुमार ने कहा कि इसके आगमन से पहले मुंद्रा बंदरगाह पर दस्तावेजीकरण, प्राथमिकता बर्थिंग और सब कुछ व्यवस्थित कर दिया गया है, ताकि माल के निर्वहन में कोई देरी न हो।उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं।



भारतीय नौसेना पोत सुदर्शनी ने वैलेटा, माल्टा में अपना पोर्ट कॉल संपन्न किया।

## श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को खुलेंगे

देहरादून, (ए.)। उत्तराखंड राज्य में स्थित पवित्र तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब के कपाट इस वर्ष 23 मई को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। यह जानकारी



श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने सोमवार को सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्धन से शिष्टाचार भेंट के दौरान दी है। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन ट्रस्ट ने वर्ष 2026 की तीर्थयात्रा के लिए कपाट खोलने की तिथि घोषित कर दी है। ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्धन से मुलाकात कर आगामी यात्रा सीजन की तैयारियों पर चर्चा की। विस्तृत विचार-विमर्श और मौजूदा मौसम परिस्थितियों के आकलन के बाद यह सहमति बनी कि पवित्र गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब के कपाट (शनिवार) 23 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

## मध्य प्रदेश में तेज गर्मी के बीच सक्रिय होगा नया सिस्टम, 18-19 मार्च को कई जिलों में बारिश के आसार

भोपाल, (निप्र)। मध्य प्रदेश में गर्मी का असर तेज होने लगा है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे बड़े शहरों में दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा है। प्रदेश में अगले दो दिन यानी 16 और 17 मार्च तक तेज गर्मी का असर बना रहेगा। इसके बाद 18 और 19 मार्च को प्रदेश के कई जिलों में बारिश होने की संभावना जताई गई है।मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ का हल्का प्रभाव देखने को मिला, जिसके कारण आसमान में बादल छाए रहे और तापमान में करीब 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई।

हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि यह सिस्टम अब कमजोर पड़ चुका है। अब 17 मार्च की रात से उत्तर-पश्चिम भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। इसका असर मध्य प्रदेश में 18 और 19 मार्च को देखने को मिल सकता है, जिससे कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है।



**कुछ शहरों में तापमान में गिरावट**

रविवार को ग्वालियर में अधिकतम तापमान 32.6 डिग्री, दतिया में 32.4 डिग्री, छिंदवाड़ा में 36 डिग्री, सिवनी में 35.6 डिग्री, मंडला में 37.2 डिग्री और बालाघाट में 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कई जगह शाम तक बारिश तो नहीं हुई, लेकिन बादल छाए रहने से तापमान में कमी देखी गई। पिछले तीन दिनों से लू का असर झेल रहे नर्मदापुरम में भी तापमान गिरकर 38.9 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। वहीं प्रदेश के बड़े शहरों में भोपाल में 36.4 डिग्री, इंदौर में 35.5 डिग्री, ग्वालियर में 32.6 डिग्री, उज्जैन में 35.5 डिग्री और जबलपुर में 35.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

**अप्रैल-मई में पड़ेगी ज्यादा गर्मी**

मौसम विभाग का अनुमान है कि इस साल अप्रैल और मई सबसे अधिक गर्म रहने वाले महीने हो सकते हैं। इन महीनों में ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में भी गर्मी का असर अधिक रहने की संभावना है।




## नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने हेतु किसानों को करें जागरुक - कलेक्टर

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले में हुआ 90,783 आवेदनों का निराकरण

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। जिले में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्रीष्म काल को ध्यान में रखते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता हो वहां निजी बोरवेल भी अधिग्रहित किए जाएं, ताकि किसी भी क्षेत्र में पेयजल की कमी न हो। कलेक्टर ने पेयजल अभावग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम के नंबर 24 घंटे सक्रिय रखने को कहा। उन्होंने पीएचई विभाग, जनपद पंचायतों के सीईओ तथा नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि शिकायत प्राप्त होते ही तुरंत कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि आमजन को पानी के मितव्ययी उपयोग के लिए जागरूक किया जाए, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल संकट की स्थिति न बने। सीहोर जिले में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत अभी तक की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिक से अधिक नागरिकों के प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में जानकारी दी गई कि अभियान के तहत अभी तक जिले में कुल 96,761 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 90,783 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। वर्तमान में 5,978



आवेदन लंबित हैं। रिपोर्ट के अनुसार आष्टा विकासखंड में सबसे अधिक 30,986 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 30,896 का निराकरण किया गया है और 90 आवेदन लंबित हैं। वहीं भैरुंदा क्षेत्र में 15,243 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 10,738 का निराकरण किया गया है तथा 4,505 आवेदन लंबित हैं। इसी प्रकार सीहोर विकासखंड में 11,412 में से 10,723 आवेदन, इछावर में 9,119 में से 8,732 आवेदन, तथा बुधनी में 7,721 में से 7,682 आवेदनों का निराकरण किया गया है। नगरीय निकायों में भी बड़ी संख्या में आवेदनों का समाधान किया गया है। कलेक्टर ने नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को नुकसान होता है तथा इससे मिट्टी की उर्वरता भी प्रभावित होती है, इसलिए इस पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर पर संबंधित विभागों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ ही शिक्षक भी किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के बारे में जानकारी दी जाए तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया जाए। नए शिक्षा सत्र को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने अभिभावकों को राहत देने के लिए स्कूलों एवं दुकानदारों की मनमानी पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित प्रकाशकों और तय दरों पर ही पाठ्य पुस्तकों की बिक्री सुनिश्चित की जाए, ताकि अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्कूल द्वारा अभिभावकों को किसी एक विशेष दुकान से ही किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए। यदि इस प्रकार की शिकायत मिलती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि समय-समय पर दल बनाकर स्कूलों और दुकानों की जांच की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किताबों की बिक्री नियमों के अनुसार ही हो रही हो। बैठक के दौरान वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने जिले में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# कृषक कल्याण वर्ष में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और कृषक कल्याण की योजनाओं को धरातल पर उतारने का करें कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## विधानसभावार कृषि सम्मेलन के लिए कृषि विभाग देगा 5 लाख रुपए

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में विभिन्न विभाग मिलकर कृषि विकास और कृषक कल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सभी उपायों पर क्रियान्वयन तेज किया जाएगा। कृषक कल्याण वर्ष का लाभ किसानों के परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मध्यप्रदेश, देश का इकलौता राज्य है, जो 5 रुपए में किसानों को बिजली का कनेक्शन उपलब्ध करवा रहा है। ये किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में कृषक कल्याण वर्ष में सक्रिय सहभागिता जुटाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए कृषि अभिमुखीकरण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल सहित किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, संस्कृति राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)



श्रीमती कृष्णा गौर, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पवार सहित मंत्रीगण, विधायक, जनप्रतिनिधि एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि, एफपीओ के पदाधिकारी एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे सभागार मध्यप्रदेश के पुराने विधानसभा भवन का पवित्र स्थान है। इस स्थान पर कृषक कल्याण योजनाओं पर केन्द्रित कार्यशाला राज्य सरकार के कृषि क्षेत्र को दी जा रही प्राथमिकता का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कार्यक्रम के लिए आयोजकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन और पशुपालन की व्यापक संभावनाएं हैं।उन्हें साकार करने के प्रयास सफल हो रहे हैं। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले डेढ़ साल में प्रदेश का दूध कलेक्शन 25 प्रतिशत बढ़ा है। अब प्रदेश में प्रतिदिन 12.50 लाख लीटर दूध कलेक्शन किया जा रहा है। दूध का मूल्य भी 5 रुपए प्रति लीटर बढ़ा है। इससे दुग्ध उत्पादकों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने और क्षेत्र में नरवई प्रबंधन के लिए राज्य सरकार ट्रैक्टर-ट्रॉली और भूसे की मशीन उपलब्ध करवा रही है। राज्य सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए निःशुल्क दूध वितरण के लिए माता यशोदा योजना शुरू करने की पहल की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। टूरिज्म डिपार्टमेंट ने होम स्टे की योजना शुरू की है। होम स्टे संचालकों के लिए 20 लाख रुपये तक की आय जीएसटी से मुक्त रखी गई है। लघु-कुटीर उद्योग के क्षेत्र में शहद उत्पादन से किसान लाभ कमा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कार्यशाला में लगभग सभी प्रमुख विभाग शामिल हुए हैं। राज्य की आबादी का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा इन 16 विभागों के अंतर्गत आ जाता है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 100 लाख हैक्टेयर करने के लिए निरंतर कार्य हो रहा है। प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं।

# केमिस्ट की संदिग्ध हालात में मौत,घर में मिली लाश

## 1 साल से बेटो को लेकर अलग रह रही है पत्नि, परिजनो ने जताई अनहोनी की आंशका



भोपाल(ए)। शहर के कजलीखेड़ा थाना इलाके में रहने वाले एक केमिस्ट की संदिग्ध हालात में मौत हो जाने की घटना प्रकाश में आई है। उनकी लाश सोमवार अलसुबह उनके घर में मिली। शव की हालत को देखते हुए मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है, वहीं आगे की जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार गेहूंखेड़ा में स्थित मकान में अकेले रहने वाले पदम सोलंकी (42) पिता रमेशचंद सोलंकी अरेरा कॉलोनी के एक अस्पताल के मेडिकल स्टोर में काम करते थे। उनके परिवार में पत्नि सहित दो बेटे है, बताया गया है की पारिवारिक कारणो के चलते बेटे और पत्नी बीते करीब एक साल से उनसे अलग रह रहे हैं। इस बात को लेकर पदम काफी मानसिक तनाव में आकर अधिक शराब पीने लगे थे। उनके भतीजे महेंद्र का आरोप है, कि अकेले रहने वाले उनके चाचा पदम के शरीर पर चोटों के निशान नजर आये हैं। उनके सिर में भी चोट के निशान के साथ ही हाथ पर जलने जैसे फफोले पड़ गए हैं। पीठ में भी नील के निशान मिले हैं। जिससे आंशका है की उनके साथ कोई अनहोनी हुई है। परिजनो ने उनकी हत्या की आशंका जताई है। उसका यह भी कहना है कि चाचा-चाची के बीच आए दिन विवाद होते थे। चाची एक अन्य युवक के बहकावे में आने के बाद अलग रहने लगी और बच्चों को भी अपने साथ ले गई हैं। जॉच कर रही पुलिस टीम का कहना है, कि फूल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण साफ हो सकेगा जिसके आधार पर आगे की जॉच की दिशा तय की जायेगी।

# यात्रियों की सुविधा हेतु भोपाल मंडल होकर दानापुर से पुणे एवं लोकमान्य तिलक के लिए स्पेशल ट्रेनों का संचालन



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष गाड़ियों का संचालन निर्धारित तिथियों एवं समय-सारणी के अनुसार किया जाएगा।

1. गाड़ी सं. 01449/01450 पुणे-दानापुर-हडपसर (दैनिक) विशेष

गाड़ी सं. 01449 पुणे-दानापुर दैनिक विशेष प्रतिदिन 15:30 बजे पुणे से प्रस्थान कर दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए 02:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 01450 दानापुर-हडपसर दैनिक विशेष दानापुर से 05:00 बजे प्रस्थान कर उपरोक्त स्टेशनों से होते हुए 18:15 बजे हडपसर पहुंचेगी।

**कोच संरचना**

01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 06 स्लीपर, 04 सामान्य एवं 02 एसएलआर/डी सहित कुल 18 कोच।

**संचालन अवधि**

**विशेष गाड़ी**

01449 पुणे से - 01.04.2026 से 14.04.2026 (14 फेरे), 01450 दानापुर से - 03.04.2026 से 16.04.2026 (14 फेरे)

**ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ी**

01449 पुणे से - 15.04.2026 से 15.07.2026 (92 फेरे)

01450 दानापुर से - 17.04.2026 से 17.07.2026 (92 फेरे)

2. गाड़ी सं. 01143/01144 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-दानापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (दैनिक) विशेष

गाड़ी सं. 01143 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-दानापुर विशेष प्रतिदिन 10:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रस्थान कर ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए 18:45 बजे दानापुर पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी सं. 01144 दानापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष दानापुर से 21:30 बजे प्रस्थान कर उपरोक्त स्टेशनों से होते हुए 07:45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी।

**कोच संरचना**

01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 09 स्लीपर, 04 सामान्य एवं 02 एसएलआर/डी सहित कुल 22 कोच।

**संचालन अवधि**

**विशेष गाड़ी**

01143 लोकमान्य तिलक ट. से - 01.04.2026 से 14.04.2026 (14 फेरे)

01144 दानापुर से - 02.04.2026 से 15.04.2026 (14 फेरे)

**ग्रीष्मकाल विशेष गाड़ी**

01143 लोकमान्य तिलक ट. से - 15.04.2026 से 15.07.2026 (92 फेरे)

01144 दानापुर से - 16.04.2026 से 16.07.2026 (92 फेरे)

रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा से पूर्व गाड़ी के समय, ठहराव एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे की अधिकृत सूचना प्रणाली से जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।



मुख्य सचिव अनुराग जैन से मंत्रालय में मध्यप्रदेश अध्ययन यात्रा पर आये राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय नई दिल्ली के 16 वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की।

# दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास पर मंगलवार को मंथन

**भोपाल में केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) की मध्य क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला**

भोपाल (ए.)। केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए-कारा), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास और दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन 17 मार्च मंगलवार को भोपाल में किया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी। यह कार्यशाला सीएआरए के दत्तक ग्रहण जागरूकता अभियान 2025-26 की थीम विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (दिव्यांग बच्चों) के गैर-संस्थागत पुनर्वास को बढ़ावा देना के अनुरूप की जा रही है। इसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को संस्थागत देखभाल के बजाय पारिवारिक वातावरण, स्नेह, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल करना है। मध्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड राज्य शामिल हैं। जिलों की संख्या के लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा क्षेत्र है। कार्यशाला में 170 से अधिक जिलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी अपेक्षित है। अभियान में आयोजित होने वाली यह सबसे व्यापक क्षेत्रीय परामर्श बैठकों में से एक होगी। कार्यशाला में राज्य दत्तक संसाधन एजेंसियों (एसएआरए-सारा), विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों, बाल देखभाल संस्थानों, जिला बाल संरक्षण इकाइयों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों तथा बाल संरक्षण से जुड़े अन्य प्रमुख हितधारकों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के दौरान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के दत्तक ग्रहण की राज्यवार स्थिति, उत्कृष्ट प्रथाओं, सफल दत्तक-ग्रहण के प्रेरणादायक अनुभवों और साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेपों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही समूह चर्चाओं के माध्यम से क्रियान्वयन योग्य और समयबद्ध अनुशंसाएँ तैयार की जाएंगी। चिकित्सा, विधिक, वित्तीय और शिकायत निवारण से जुड़ी चुनौतियों पर भी विशेषज्ञ विचार-विमर्श करेंगे। इस अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सफल दत्तक ग्रहण पर आधारित एक लघु फिल्म की भी लॉंचिंग की जाएगी, जो परिवार आधारित देखभाल की परिवर्तनकारी शक्ति को रेखांकित करेगी।

# दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास पर मंगलवार को मंथन

भोपाल (निप्र)। केंद्रीय दत्तक-ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए-कारा), महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश शासन के सहयोग से दिव्यांग बच्चों के पारिवारिक पुनर्वास और दत्तक-ग्रहण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन 17 मार्च मंगलवार को भोपाल में किया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया करेंगी।यह कार्यशाला सीएआरए के दत्तक ग्रहण जागरूकता अभियान 2025-26 की थीम विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (दिव्यांग बच्चों) के गैर-संस्थागत पुनर्वास को बढ़ावा देना के अनुरूप की जा रही है। इसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को संस्थागत देखभाल के बजाय पारिवारिक वातावरण, स्नेह, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस पहल करना है। मध्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड राज्य शामिल हैं। जिलों की संख्या के लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा क्षेत्र है। कार्यशाला में 170 से अधिक जिलों के प्रतिनिधियों की भागीदारी अपेक्षित है। अभियान में आयोजित होने वाली यह सबसे व्यापक क्षेत्रीय परामर्श बैठकों में से एक होगी। कार्यशाला में राज्य दत्तक संसाधन एजेंसियों (एसएआरए-सारा), विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरणों, बाल देखभाल संस्थानों, जिला बाल संरक्षण इकाइयों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों तथा बाल संरक्षण से जुड़े अन्य प्रमुख हितधारकों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के दौरान विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के दत्तक ग्रहण की राज्यवार स्थिति, उत्कृष्ट प्रथाओं, सफल दत्तक-ग्रहण के प्रेरणादायक अनुभवों और साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेपों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही समूह चर्चाओं के माध्यम से क्रियान्वयन योग्य और समयबद्ध अनुशंसाएँ तैयार की जाएंगी। चिकित्सा, विधिक, वित्तीय और शिकायत निवारण से जुड़ी चुनौतियों पर भी विशेषज्ञ विचार-विमर्श करेंगे।


# उपभोक्ता गैस बुकिंग के लिये करें डिजिटल माध्यम का प्रयोग : श्रीमती शमी

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम के मद्देनजर अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने मंत्रालय मे खाद्य विभाग के अधिकारियों तथा ऑयल कंपनियो के प्रतिनिधियों के साथ पेट्रोल, डीजल, पीएनजी, सीएनजी तथा घरेलू गैस की आपूर्ति के संबंध मे समीक्षा की। एसीएस श्रीमती शमी द्वारा सिलेन्डर की वितरण व्यवस्था सुचारू बनाए रखने तथा घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये गये हैं। ऑयल कंपनियो के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि कंपनियो ने मोबाइल एप, एसएमएस, व्हाट्सएप तथा आईवीआरएस कॉल द्वारा गैस बुकिंग की सुविधा प्रदान की गयी है। उपभोक्ता बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यम का प्रयोग करें तथा अनावश्यक रूप से एजेंसी पर जाने से बचें। ऑयल कंपनियो के प्रतिनिधि द्वारा यह भी बताया गया कि रविवार 15 मार्च को अवकाश के बाद भी तीनों गैस कंपनियों द्वारा लगभग 1,20,000 गैस सिलेन्डर घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान करने के लिए उपलब्ध कराये गए हैं।

**1116 स्थानों पर कार्यवाही कर 1825 सिलेंडर जप्त**

गैस एजेंसियों के संचालन, सिलेंडर वितरण की समयबद्धता और उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। सभी जिला कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि सूचना-तंत्र सुदृढ़ कर अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। यदि कहीं वितरण व्यवस्था में अनियमितता या विलंब की शिकायत मिलती है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश में एलपीजी की कालाबाजारी तथा जमाखोरी के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में 1116 स्थानों पर कार्यवाही कर 1825 सिलेंडर जब्त किये गए तथा 08 प्रकरण में एफआईआर की गयी। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी तथा घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता के सम्बन्ध में ऑयल कंपनियों से समन्वय के लिए राज्य स्तर पर 6 सदस्यीय समिति भी गठित की गयी है, जो प्रदेश में कामर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी करेगी।

# एयरफोर्स के रिटायर्ड कैप्टन को लुटेरो ने बनाया शिकार



भोपाल(ए.)। नये शहर के शाहपुरा थाना इलाके में बैखौफ बदमाशों ने एयरफोर्स के रिटायर्ड कैप्टन को अपना निशाना बनाते हुए उसके हाथ से मोबाइल फोन झपटा और तेजी से चपंत हो गए। घटना के समय फरियादी खरीददारी के बाद सामान कार में रख रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामेश्वर प्रसाद दुबे (57) ने अपनी शिकायत में बताया की वह आकृति ईको सिटी में रहते हैं और वायुसेना से रिटायर्ड कैप्टन हैं। रविवार की रात करीब नौ बजे वह खरीददारी करने के लिए रोहित नगर मार्केट गए थे। यहां दुकान से सामान खरीदने के बाद वह सामान लेकर वापस कार के पास पहुचें और सामान को कार रखने लगे। तभी एक बदमाश दबे पॉच उनके पीछे की और से आया और उनके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग निकला। बाद में वे थाने पहुंचे जहॉ उनकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी की पहचान जुटाने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए : विधायक श्री सबनानी




भोपाल( संदीप पंडा) दक्षिण पश्चिम भोपाल विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि लोकतंत्र की जीवंतता के लिए वैचारिक विविधता आवश्यक है, परंतु क्षेत्रीय दलों की सक्रियता और उनकी भूमिका सदैव राष्ट्रहित की परिधि में पल्लवित होनी चाहिए। संसदीय कार्य विभाग के तत्वावधान में संचालित पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ, भोपाल द्वारा क्या संसदीय लोकतंत्र में क्षेत्रीय दलों की बढ़ती भूमिका राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा है? विषय पर विश्वविद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यापीठ के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों पर प्रखरता से अपने विचार साझा किए। विधायक श्री सबनानी ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में संवैधानिक मूल्यों के प्रति चेतना जाग्रत करने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया एवं संसदीय कार्य विभाग के अपर सचिव राजेश गुप्ता उपस्थित रहे। अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. देव आनंद हिंडोलिया ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के सजग प्रहरी बनने हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक विमर्श में प्रदेश के 17 प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के 33 प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने सारगर्भित तर्क प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्राध्यापक डॉ. अखिलेश शर्मा और सेवानिवृत्त अपर सचिव पुनीत श्रीवास्तव और वरिष्ठ पत्रकार संजय दुबे सम्मिलित रहे। विद्यापीठ के उप संचालक एम.के. राजोरिया ने सभी आगंतुकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

**पक्ष में निम्न सहभागियों ने जीते पुरस्कार**

विषय के पक्ष में उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल की छात्रा सुश्री अनियरा शर्मा (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 9,000 रुपये की पुरस्कार राशि अर्जित की। इसी क्रम में, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भोपाल की सुश्री रौनक पांचाल (बी.ए. तृतीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए 7,500 रुपये का पुरस्कार जीता, जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी, भोपाल की सुश्री ईशा मिश्रा (बी.बी.ए. अंतिम वर्ष) को तृतीय स्थान के साथ 6,000 रुपये की राशि प्रदान की गई। संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की सुश्री प्रिंसी पहलवानी (बी.कॉम. चतुर्थ वर्ष) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 3,000 रुपये के प्रोत्साहन पुरस्कार से विभूषित किया गया। विषय के विपक्ष में बी.एस.एस.एस. कॉलेज, भोपाल की सुश्री विधि शुक्ला (बी.ए. छठा सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान के साथ 9,000 रुपये का पुरस्कार अपने नाम किया। सेज यूनिवर्सिटी की सुश्री आयोली बाजपेयी (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 7,500 रुपये की पुरस्कार राशि प्राप्त की। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान जागरण लेक सिटी यूनिवर्सिटी की सुश्री मेघा नाथानी (बी.बी.ए. अंतिम वर्ष) ने प्राप्त किया, जिन्हें 6,000 रुपये प्रदान किए गए। साथ ही, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की कार्तिका यादव (बी.ए. तृतीय वर्ष) को 3,000 रुपये के प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।

# विवादित स्थल का दौरा करेंगे जज, अगली सुनवाई 2 अप्रैल को




इंदौर (ए.)। धार भोजशाला मामले में सोमवार को इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि अब इस मामले में 2 अप्रैल से नियमित सुनवाई शुरू होगी। इससे पहले जज खुद भोजशाला जाकर स्थल का निरीक्षण करेंगे। यह पहला मौका होगा जब जज खुद मौके पर जाकर वहां की स्थिति देखेंगे और हकीकत समझेंगे।

**सवा घंटे चली सुनवाई, मुस्लिम पक्ष ने सर्वे पर उठाए सवाल**

सोमवार को करीब सवा घंटे तक सुनवाई चली। इस दौरान मुस्लिम पक्ष ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किए गए सर्वे पर सवाल उठाए और उसके तथ्यों को खारिज किया। उनका कहना था कि सर्वे सही तरीके से नहीं किया गया है। मुस्लिम पक्ष ने अंग्रेजों के शासनकाल में हुए सर्वे का भी हवाला दिया। उनका कहना था कि उस समय हुए सर्वे में भी परिसर में कमाल मौलाना मस्जिद का उल्लेख किया गया था।

**सभी अंतरिम आवेदन रिकॉर्ड पर लिए गए**

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी अंतरिम आवेदनों को रिकॉर्ड पर ले लिया है। कोर्ट ने फैसला किया कि इन आवेदनों को मुख्य बहस के साथ ही सुना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि अब इस मामले में 2 अप्रैल से नियमित सुनवाई की जाएगी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एएसआई के सर्वे पर जो आपत्तियां आई हैं, उन्हें भी रिकॉर्ड पर ले लिया है। अदालत ने कहा कि सभी पक्षों को अपना पक्ष रखने का बराबर मौका दिया जाएगा और हर पक्ष की बात सुनी जाएगी। इस मामले में वक्फ बोर्ड ने भी एक आवेदन दिया है।

**पिछली सुनवाई में एएसआई रिपोर्ट पर मांगी गई थीं आपत्तियां**

इससे पहले हुई सुनवाई में कोर्ट ने एएसआई की रिपोर्ट पर दावे और आपत्तियां मांगी थीं। इसके लिए कोर्ट ने सभी पक्षों को दो सप्ताह का समय दिया था। आपको बता दें कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम ने पिछले साल भोजशाला परिसर का 98 दिनों तक सर्वे किया था। इसके बाद एएसआई ने दो हजार से ज्यादा पेज की रिपोर्ट कोर्ट में पेश की थी।

**रिपोर्ट में परमार काल का बताया गया निर्माण**

एएसआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि भोजशाला का निर्माण परमार काल में हुआ था। बाद में पुराने ढांचे के कुछ हिस्सों पर नया निर्माण भी किया गया। सर्वे के दौरान यहां से मूर्तियां और पुराने सिक्के भी मिले थे। रिपोर्ट में इन सभी तथ्यों के साथ खुदाई में मिले अवशेषों के फोटो भी शामिल किए गए हैं।

## बेटी के प्रेम विवाह से आहत पिता ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट में लिखी दिल दहला देने वाली बात




उज्जैन (ए.)। उज्जैन के नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुरा में रहने वाले एक व्यक्ति ने बेटी द्वारा प्रेम विवाह किए जाने से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने पड़ोस में रहने वाली एक महिला पर बेटी को प्रेम विवाह के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

नागझिरी थाना पुलिस के अनुसार मानपुरा निवासी जीवनसिंह धोलपुरिया पिता तेजाराम ने अपने घर में फांसी लगा ली। आत्महत्या से पहले जीवनसिंह ने नीलगंगा क्षेत्र में रहने वाले अपने जीजा भगवान सिंह को फोन करके कहा कि वह फांसी लगाकर आत्महत्या करने जा रहा है। जीजा ने उसे ऐसा कदम न उठाने की समझाइश दी और तुरंत पुलिस व परिवार के सदस्यों को इसकी जानकारी दी।

सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक जीवनसिंह फंदे पर लटका मिला। उसे तत्काल फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## दो साल की मासूम के सिर से उठा पिता का साया, जहर खाकर युवक ने दी जान, भोपाल ले जाते समय रास्ते में मौत

हरदा (ए.)। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार को एक युवक ने जहरीली दवा खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सादानी कम्पाउंड निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र पिता जगदीश गौर पेशे से ड्राइवर था। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह करीब 11 बजे उसने घर पर ही जहरीली गोलियां खा लीं, जिससे कुछ ही देर में उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे तत्काल हरदा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रैफर कर दिया।

## होटल एसोसिएशन ने कहा- सिलिंडर संकट के बावजूद कर्मचारियों की छंटनी नहीं करेंगे



इंदौर (ए.)। प्रदेश में होटलों और रेस्टोरेंट्स को मिलने वाली कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति अब तक पूरी तरह सामान्य नहीं होने से होटल सेक्टर में संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। इस मुद्दे को लेकर मध्य प्रदेश होटल एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें होटल संचालकों ने स्थिति से निपटने के लिए रणनीति बनाई। गैस की अधिक खपत वाले मेन्यू को हटाया जा रहा है और इंडक्शन जैसे वैकल्पिक साधनों का भी उपयोग किया जा रहा है।

## मंडला अस्पताल में मौत पर बवाल, इंजेक्शन के 5 मिनट बाद थम गई सांस, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप



मंडला (ए.)। मध्य प्रदेश के मंडला जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक मरीज की मौत के बाद अस्पताल में जमकर हंगामा हो गया। मृतक के परिजनों ने नर्सिंग स्टाफ पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। हालात बिगड़ते देख अस्पताल प्रबंधन को पुलिस बुलानी पड़ी।

**इलाज के दौरान हुई मरीज की मौत**

जानकारी के अनुसार 57 वर्षीय प्रहलाद खरारे को 14 मार्च को मंडला जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना है कि जब उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया, तब उनकी हालत स्थिर थी और वह सामान्य रूप से बातचीत कर रहे थे। इतना ही नहीं, रविवार रात तक उन्होंने खाना भी खाया था। परिजनों के मुताबिक, रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात करीब 1:30 बजे ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ ने मरीज को एक इंजेक्शन लगाया। उनका आरोप है कि इंजेक्शन लगाने के करीब पांच मिनट के अंदर ही मरीज की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के वार्ड में हंगामा शुरू कर दिया।

**स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को बुलाया गया**

अस्पताल में बढ़ते विवाद को देखते हुए प्रबंधन ने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाया और मामला शांत कराया। पुलिस ने परिजनों को निष्पक्ष जांच का भरोसा भी दिलाया। जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. हेमेंद्र सिंह चौहान ने परिजनों के आरोपों को गलत बताया है। उनका कहना है कि मरीज क्रोनिक लीवर डिजीज (CLD) और अल्सर्ड सेंसोरियम जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित था। डॉक्टर के अनुसार मरीज की हालत काफी गंभीर थी और उसे पहले ही जबलपुर रेफर करने की सलाह दी गई थी।

**परिजनों ने रेफर करने से किया था मना**

डॉ. चौहान के अनुसार अस्पताल की ओर से मरीज को जबलपुर ले जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन परिजनों ने बाहर ले जाने से मना कर दिया था। उन्होंने अस्पताल में ही इलाज जारी रखने का आग्रह किया था। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शादी का वादा कर 4 साल रखा रिश्ता, प्रेमी के धोखे से आहत युवती ने की आत्महत्या; सुसाइड नोट से हुआ खुलासा




धार (ए.)। शहर में युवती की आत्महत्या के मामले में की जा रही पुलिस जांच में उसके प्रेमी का नाम सामने आया है। पुलिस ने आरोपी महेश पिता श्रवण प्रजापत निवासी ग्राम रानीखेड़ा के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक टीम भी गठित की है।

पुलिस के अनुसार युवती पिछले कुछ महीनों से मानसिक रूप से परेशान और प्रताड़ित थी। आरोप है कि आरोपी युवक ने शादी का भरोसा देकर करीब तीन साल तक युवती से दोस्ती रखी, लेकिन बाद में शादी से इंकार कर दिया। परिजनों के बयान और मौके से मिले सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र की अर्जुन कॉलोनी में 10 मार्च को 24 वर्षीय शारदा पिता जोगडिया की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि घटना के समय युवती घर पर अपने भाई के बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान उसने सुसाइड नोट लिखने के बाद फांसी लगा ली। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर उसकी भाभी कमरे में पहुंची तो शारदा फंदे पर लटकी हुई मिली। परिजन और पड़ोसी उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शारदा एक निजी लैब के कार्यालय में नौकरी करती थी।

पुलिस को मौके से कई पन्नों का सुसाइड नोट मिला, जिसमें शारदा ने अपने प्रेमी महेश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुसाइड नोट में उसने लिखा कि उसकी मुलाकात महेश से इंस्टाग्राम पर हुई थी। दोनों अलग-अलग जाति के थे लेकिन करीब चार साल तक रिलेशनशिप में रहे।

## व्यापार समाचार

# सोने के भाव में 1,119 रुपए की गिरावट, चांदी भी फिसली

### - सोना 1.56 लाख और चांदी की कीमत लगभग 2.55 लाख



नई दिल्ली (ए.)। कीमती धातुओं के वायदा बाजार में इस सप्ताह सुस्ती का माहौल देखने को मिल रहा है। सोमवार को घरेलू बाजार में सोना और चांदी दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का वायदा भाव करीब 1,56,840 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि चांदी का वायदा भाव 2,55,700 रुपये प्रति किलो के आसपास कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों धातुओं में नरमी का रुख बना हुआ है, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट सोमवार को 1,119 रुपये की गिरावट के साथ **1,57,347 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछले कारोबारी सत्र में इसका बंद भाव 1,58,466 रुपये था। शुरुआती कारोबार में सोने के भाव में और कमजोरी आई और यह 1,626 रुपये की गिरावट के साथ 1,56,840 रुपये के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान इस कॉन्ट्रैक्ट ने 1,57,347 रुपये का उच्च स्तर और 1,56,829 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल अब तक सोना 1,80,779 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच चुका है। दूसरी ओर एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट भी गिरावट के साथ खुला। यह 4,334 रुपये की गिरावट के साथ 2,55,101 रुपये प्रति किलो पर खुला, जबकि पिछले सत्र में इसका बंद भाव 2,59,435 रुपये था। इस समय चांदी 3,735 रुपये की गिरावट के साथ 2,55,700 रुपये प्रति किलो के स्तर पर कारोबार कर रही थी। कारोबार के दौरान इसने 2,55,701 रुपये का उच्च स्तर और 2,55,101 रुपये का निचला स्तर दर्ज किया। इस साल चांदी 4,20,048 रुपये प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुकी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी दबाव में हैं। कॉमेक्स पर सोना 44.80 डॉलर की गिरावट के साथ करीब 5,016.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब 80.21 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर ट्रेड कर रही थी। इससे घरेलू बाजार में भी दबाव बना हुआ है।



# रुपया 13 पैसे टूटकर 92.43 प्रति डॉलर पर

### - भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं व विदेशी पूंजी की भारी निकासी रुपया हुआ कमजोर

मुंबई (ए.)। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को रुपया शुरुआती कारोबार में 13 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.43 पर पहुंच गया। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की भारी निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से घरेलू मुद्रा दबाव में है। देशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में अस्थिर माहौल से रुपया और टूटा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.44 प्रति डॉलर पर खुला और अपने अब तक के सबसे निचले स्तर के करीब 92.43 प्रति डॉलर पर कारोबार करता रहा जो पिछले बंद भाव से 13 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को रिकॉर्ड निचले स्तर 92.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.98 पर रहा।

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23400 के पार

नई दिल्ली (ए.)। पिछले तीन कारोबारी दिनों में भारी गिरावट झेलने के बाद सोमवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जिसका मुख्य कारण ब्लू-चिप बैंकिंग शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी थी।



30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक या 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसने 75,805.27 का उच्च स्तर और 73,949.76 का निम्न स्तर छुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 257.70 अंक या 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 पर बंद हुआ। रुपया 10 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 92.40 पर बंद हुआ।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में 4.22 प्रतिशत की तेजी आई। ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एटर्नल, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई, टाटा स्टील और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सबसे ज्यादा लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा, पावर ग्रिड और भारती एयरटेल प्रमुख पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ?**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू स्तर पर केंद्रित क्षेत्रों जैसे ऑटो, बैंकिंग और एफएमसीजी में मूल्य खरीद के समर्थन से शेयर बाजार ने सत्र के अंत में तेजी आई, जो हालिया बिकवाली के बाद एक राहत रैली थी। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में, निवेशकों की भावना होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी, जहां आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों में किसी भी प्रकार की कमी से और अधिक समर्थन मिल सकता है।

# इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट में टाटा मोटर्स का दबदबा



नई दिल्ली (ए.)। भारत में इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट में टाटा मोटर्स का फिलहाल मजबूत दबदबा बना हुआ है। टाटा मोटर्स के पास करीब 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। कंपनी की सफलता के पीछे उसका बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो भी प्रमुख कारण है, जिसमें नेक्सन ईवी, पंच ईवी, टियागो ईवी, टिगोर ईवी, कर्व ईवी और हैरियर ईवी जैसे मॉडल शामिल हैं।

हालांकि देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार अभी भी टाटा के पास नहीं है। टाटा की टियागो ईवी की शुरुआती कीमत 7.99 लाख रुपये है, जबकि एमजी कॉमेट ईवी की कीमत 7.35 लाख रुपये से शुरू होती है।टाटा मोटर्स में इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल्स के प्रोडक्ट लाइन हेड आनंद कुलकर्णी का कहना है कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहन अब कीमत के लिहाज से एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच रहे हैं। कुछ मॉडल ऐसे हैं जो इंटरनल कम्बशन इंजन (आईसीई) कारों के करीब कीमत पर उपलब्ध होने लगे हैं। उन्होंने बताया कि बैटरी तकनीक में तेजी से सुधार हो रहा है, जिससे ज्यादा एनर्जी-डेंस बैटरी, तेज चार्जिंग और बेहतर सुरक्षा संभव हो पाई है। कुलकर्णी के अनुसार मोटर, इन्वर्टर, ऑनबोर्ड चार्जर और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे कंपोनेंट्स का बेहतर इंटीग्रेशन वाहन का वजन कम कर रहा है और पैकेजिंग एफिशिएंसी बढ़ा रहा है। पहले ये सभी अलग-अलग यूनिट्स हुआ करते थे, बाद में इन्हें 3-इन-1 सिस्टम में बदला गया और अब इंटीग्रेशन और उन्नत स्तर पर पहुंच रहा है। इससे बचने वाला वजन बैटरी क्षमता बढ़ाने में उपयोग किया जा सकता है, जिससे बिना बड़े बदलाव के वाहन की रेंज बेहतर हो सकती है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बैटरी कीमतों में नरमी और तकनीकी सुधार के कारण कई मामलों में इलेक्ट्रिक कारें आईसीई वाहनों की कीमत के करीब 10 प्रतिशत के भीतर पहुंच चुकी हैं। भारत में 10 लाख रुपये से कम का सेगमेंट सबसे बड़ा बाजार माना जाता है और टाटा की रणनीति का मुख्य फोकस भी यही है। कंपनी ने हाल ही में पंच ईवी को बैटरी-एज-ए-सर्विस विकल्प के साथ पेश किया है, जिससे इसकी शुरुआती कीमत 6.94 लाख रुपये तक लाई गई है।

### एनएमडीसी ने रचा इतिहास, एक वित्त वर्ष में 50 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी बनी

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क (आयरन ओर) उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 के खत्म होने से पहले ही 50 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही एनएमडीसी एक ही वित्त वर्ष में 50 मिलियन टन उत्पादन करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी बन गई है। सरकारी बयान के अनुसार, यह उपलब्धि न सिर्फ कंपनी की उत्पादन क्षमता को दर्शाती है, बल्कि भारत की आयरन ओर सप्लाई चेन में एनएमडीसी की मजबूत भूमिका को भी दिखाती है।

एनएमडीसी की स्थापना 1958 में भारत के लौह अयस्क संसाधनों के विकास के उद्देश्य से की गई थी। इस सरकारी कंपनी को इस्पात मंत्रालय के तहत 'नवरत्न सीपीएसई' का दर्जा प्राप्त है।कंपनी ने 1978 में लगभग 10 मिलियन टन लौह अयस्क का उत्पादन किया था। लेकिन, पिछले कई दशकों में उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है।

## इंडिया पोस्ट का '24 स्पीड पोस्ट' सेवा आज से, 24 घंटे में मिलेगी डिलीवरी

नई दिल्ली (ए.)। डाक विभाग 17 मार्च 2026 से अपनी नई 24 स्पीड पोस्ट सेवा शुरू करने जा रहा है। इस सेवा का शुभारंभ केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी नई दिल्ली के आकाशवाणी भवन स्थित रंगभवन सभागार में दोपहर 12:30 बजे करेंगे। इस दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

नई 24 स्पीड पोस्ट सेवा के तहत ग्राहकों को तत्काल और समयबद्ध शिपमेंट के लिए अगले दिन डिलीवरी की गारंटी दी जाएगी। पहले चरण में यह सुविधा दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलूरु और हैदराबाद में उपलब्ध होगी। डाक विभाग का कहना है कि इस पहल से प्रीमियम एक्सप्रेस डिलीवरी सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग 24 और 48 स्पीड पोस्ट सेवाओं के जरिए क्रमशः डी+1 और डी+2 डिलीवरी समय-सीमा सुनिश्चित करेगा। इसके लिए समर्पित प्रोसेसिंग विंडो और प्राथमिकता वाले हवाई परिवहन की व्यवस्था की गई है, ताकि पार्सल और दस्तावेज तय समय के भीतर पहुंच सकें।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अमेरिका की बेपरवाही की मिसाल

भारत के अतिथि जहाज को भारतीय जल क्षेत्र के करीब डुबो देना भारत की प्रतिष्ठा के प्रति अमेरिका की बेपरवाही की मिसाल है। इसलिए इस घटना पर भारत को औपचारिक विरोध एवं आपत्ति अवश्य दर्ज करानी चाहिए।

ईरान पर अमेरिका- इजराइल के हमले से पश्चिम एशिया में शुरू हुए युद्ध की आंच बुधवार को भारत तक पहुंच गई, जब भारतीय जलसीमा के करीब ईरान के जहाज इरिस देना को अमेरिका ने डुबो दिया। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीटर हेगसेट ने इसे अपने देश की एक बड़ी सैन्य सफलता के रूप में पेश कर इस बारे में कोई भ्रम नहीं रहने दिया कि ये कार्रवाई योजनाबद्ध ढंग से की गई। अमेरिका ने ऐसा करने को सोचा, यह भारत के प्रति उसके तौहीनी नजरिए का परिचायक है। आखिर वो जहाज भारतीय नौसेना के अंतरराष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा कार्यक्रम- मिलन- में भाग लेने भारत के आमंत्रण पर आया था। विशाखपत्तमन में इस कार्यक्रम में भाग लेकर वह लौट रहा था।ईरान ने कहा है कि चूंकि जहाज युद्ध से बाहर के क्षेत्र से गुजर रहा था, अत: उसकी हथियार प्रणालियों को सुरक्षित एवं निष्क्रिय मोड में रखा गया था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है- 'हम मान कर चल रहे थे कि हम दोस्ताना जल क्षेत्र में हैं, अत: जहाज पर सवार अधिकांश लोग समारोहों में भाग लेने वाले गैर लड़ाकू कर्मचारी थे।' डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ऐसे जहाज पर हमला करने को सोचा, यह तमाम अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मर्यादाओं को ठेंका दिखाने के उसके नजरिए मेल खाता है। मगर ऐसा भारत के अतिथि जहाज के साथ भारतीय जल क्षेत्र के करीब करना भारत की चिंताओं के प्रति उसकी असंवेदनशीलता की भी मिसाल है। इसलिए इस घटना पर भारत को औपचारिक विरोध एवं आपत्ति दर्ज करानी चाहिए। दुनिया में प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त करने की सबसे पहली शर्त खुद अपनी प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहना होता है। वेनेजुएला और ईरान के मामलों में अंतरराष्ट्रीय नियमों के पक्ष में आवाज ना उठा कर भारत ने पहले ही अपनी अंतरराष्ट्रीय हैसियत की अनदेखी की है। मगर अब बात सैद्धांतिक रुख तय करने की नहीं, बल्कि अपने मामले में बोलने की है। कम-से-कम यह अवश्य कहा जाना चाहिए कि अमेरिका अपने युद्ध की आंच हम तक पहुंचाए। भारत के क्षितिज पर वैसे ही अमेरिकी युद्ध के आर्थिक दुष्परिणामों का अंदेशा सघन होता जा रहा है।

# खाड़ी संकट, तेल आपूर्ति और रेमिटेंस: भारत के सामने उभरता बहुआयामी खतरा

**- भूपेन्द्र गुप्ता**

पश्चिम एशिया (मध्य-पूर्व) में बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को चिंतित कर दिया है। विशेष रूप से जलडमरू मध्य और लाल सागर जैसे समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। ये दोनों मार्ग वैश्विक ऊर्जा और व्यापार की जीवनरेखा माने जाते हैं। भारत, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आयात पर अत्यधिक निर्भर है और जिसके लाखों नागरिक खाड़ी देशों में काम करते हैं, इस संकट से सीधे और परोक्ष—दोनों तरह से प्रभावित हो सकता है। सबसे पहला और सबसे बड़ा खतरा तेल आपूर्ति से जुड़ा है। भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र जैसे सऊदी अरब,ईराक,यूएई, और कुवैत से आता है।

इन देशों से आने वाला अधिकांश तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। यदि यह मार्ग बाधित होता है या जहाजों की आवाजाही सीमित होती है, तो वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महँगा होने का सीधा असर भारत में पेट्रोल-डीजल, परिवहन लागत, बिजली उत्पादन और अंतत: खाद्य वस्तुओं तक पर पड़ता है। परिणामस्वरूप महँगाई बढ़ती है और आर्थिक विकास की गति धीमी हो सकती है।

दूसरा बड़ा प्रभाव समुद्री व्यापार और शिपिंग लागत पर पड़ता है। युद्ध या हमले की आशंका बढ़ने पर जहाज कंपनियाँ अतिरिक्त वॉर-रिस्क इंश्योरेंस लेती हैं, जिससे परिवहन लागत बढ़ जाती है। कई बार जहाज जोखिम वाले मार्गों से बचकर लंबा रास्ता अपनाते हैं, जैसे लाल सागर से होकर आने के बजाय अफ्रीका के दक्षिणी सिरे केप आफ गुड होप से घूमकर आना। इससे यात्रा समय 10  15 दिन तक बढ़ सकता है और माल ढुलाई महँगी हो जाती है। इसका असर आयातित वस्तुओं—जैसे उर्वरक, खाद्य तेल, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स—की कीमतों पर पड़ता है, जो घरेलू बाजार में महँगाई को और बढ़ा सकता है।

तीसरा महत्वपूर्ण पहलू गैस आपूर्ति का है। भारत अपनी प्राकृतिक गैस की जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है, विशेष रूप से कतर से तरलीकृत प्राकृतिक गैस एलएनजी। यदि समुद्री मार्ग असुरक्षित हो जाते




हैं, तो गैस की आपूर्ति बाधित हो सकती है या महँगी हो सकती है। इससे बिजली उत्पादन, उर्वरक उद्योग और शहरी गैस वितरण पर प्रभाव पड़ेगा, जिसका व्यापक असर उद्योग और कृषि दोनों पर पड़ सकता है।

चौथा और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा रेमिटेंस (विदेश से भेजा गया पैसा) का है। खाड़ी देशों में लगभग 80 लाख से अधिक भारतीय काम करते हैं, विशेषकर यूएई, सऊदी अरब,कतर,और कुवैत में। ये प्रवासी हर वर्ष अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, जो देश के विदेशी मुद्रा भंडार और लाखों परिवारों की आय का महत्वपूर्ण स्रोत है। यदि क्षेत्र में युद्ध या आर्थिक मंदी आती है, तो निर्माण, तेल और सेवा क्षेत्रों में रोजगार घट सकता है, वेतन कम हो सकता है या भारतीयों की बड़े पैमाने पर वापसी हो सकती है। इससे रेमिटेंस घटेगा और उन राज्यों की अर्थव्यवस्था पर विशेष असर पड़ेगा जहाँ प्रवासी आय का बड़ा हिस्सा आता है।

हालाँकि भारत पूरी तरह असहाय नहीं है। देश ने जो रणनीतिक तेल भंडार विकसित किए हैं वे सीमित हैं,और ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की कोशिश रूस,ब्राजील और यूएस जैसे देशों से आयात बढाकर की जानी चाहिए।इसके अलावा भारतीय नेवी समुद्री क्षेत्र में सक्रिय निगरानी और भारतीय जहाजों की सुरक्षा के लिए तैनात रहती है। भारत की विदेश नीति भी सभी प्रमुख देशों से संबंध बनाए रखने की कोशिश करती है ताकि संकट की स्थिति में आपूर्ति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# जीवन के पन्ने पलटने प्रेरित करती 'जब खुली किताब'

**पंकज दुबे**

पंकज कपूर का किरदार इस कहानी का भावनात्मक केंद्र है। उनका चरित्र एक ऐसे व्यक्ति का है, जो जीवन भर अपने भीतर बहुत कुछ दबा कर जीता रहा है। उसके व्यक्तित्व में एक गहरी चुप्पी है।.. डिंपल कपाड़िया का किरदार इस कहानी में स्मृतियों और भावनाओं की एक महत्वपूर्ण धुरी बनकर उभरता है।  उनके और पंकज कपूर के बीच जो संवाद और मौन के क्षण हैं, वही इस फ़िल्म की आत्मा बन जाते हैं।

सिने-सोहबत

मौजूदा दौर में जब अधिकांश हिंदी फिल्में तेज़ रफ्तार मनोरंजन, एक्शन और सतही रोमांस के ईर्द-गिर्द घूमती दिखाई देती हैं, ऐसे में कुछ फ़िल्में ऐसी भी आती हैं, जो दर्शकों को ठहर कर सोचने पर मजबूर करती हैं। लेखक-निर्देशक सौरभ शुक्ला की फ़िल्म जब खुली किताब ऐसी ही एक संवेदनशील और आत्ममंथन कराने वाली फिल्म है। यह फ़िल्म किसी बड़े नाटकीय घटनाक्रम या बाहरी शोर-शराबे पर निर्भर नहीं करती, बल्कि मनुष्य के भीतर चलने वाले संवादों, रिश्तों के अनकहे दर्द और समय की परतों में दबे सच को धीरे-धीरे खोलती है, बिलकुल एक पुरानी किताब की तरह, जो वर्षों बाद खुलने पर अपनी महक और स्मृतियों से हमें भर देती है।

फ़िल्म का शीर्षक ही अपने आप में एक रूपक है, किताब, जो खुलने पर सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि जीवन के छिपे अध्याय सामने ले आती है। सौरभ शुक्ला ने इस विचार को बेहद सूक्ष्म और संवेदनशील तरीके से पर्दे पर उतारा है।

फ़िल्म की कहानी मूलत: कुछ ऐसे लोगों के ईर्द-गिर्द घूमती है, जिनके जीवन में कई अनकहे सच और अधूरे संवाद छिपे हुए हैं। उम्र के एक ऐसे पड़ाव पर पहुंचकर, जब इंसान पीछे मुड़ कर अपने जीवन को देखने लगता है, तब उन्हें अहसास होता है कि कई बातें कहे बिना रह गईं, कई रिश्ते समझे बिना ही टूट गए और कई फैसलों की वजहें कभी खुलकर सामने नहीं आईं।

पंकज कपूर का किरदार इस कहानी का भावनात्मक केंद्र है। उनका चरित्र एक ऐसे व्यक्ति का है, जो जीवन भर अपने भीतर बहुत कुछ दबा कर जीता रहा है। उसके व्यक्तित्व में एक गहरी चुप्पी है। एक ऐसी चुप्पी, जो केवल शब्दों की कमी नहीं, बल्कि भावनाओं का बोझ है। समय के साथ जब परिस्थितियां बदलती हैं और लोग आमने-सामने बैठ कर अपने जीवन के पन्ने पलटते हैं, तब यह चुप्पी धीरे-धीरे खुलने लगती है।

डिंपल कपाड़िया का किरदार इस कहानी में स्मृतियों और भावनाओं की एक महत्वपूर्ण धुरी बनकर उभरता है। उनके चेहरे पर समय की परिपक्वता और जीवन के अनुभवों की झलक दिखाई देती है। उनके और पंकज कपूर के बीच जो संवाद और मौन के क्षण हैं, वही इस फ़िल्म की आत्मा बन जाते हैं।

फ़िल्म में अपारशक्ति खुराना और समीर सोनी जैसे कलाकार भी हैं, जो नई पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद की खाई को दर्शाते हैं। यह पीढ़ियों के बीच का वह अंतर है जहां एक तरफ अनुभवों की विरासत है और दूसरी तरफ बदलते समय की बेचैनी।

सौरभ शुक्ला के निर्देशन में सादगी में गहराई साफ़ दिखती है। सौरभ हिंदी सिनेमा में एक ऐसे कलाकार हैं, जिनकी पहचान बहुआयामी है। वे अभिनेता भी हैं, लेखक भी और निर्देशक भी। 'जब खुली किताब' में उनका लेखक और निर्देशक दोनों रूप बेहद परिपक्व दिखाई देता है। उन्होंने इस फ़िल्म को किसी बड़े सिनेमाई तमाशे की तरह नहीं रचा, बल्कि एक अंतरंग नाटक की तरह गढ़ा है। फ़िल्म का ट्रीटमेंट बेहद संयमित है। संवादों में शोर नहीं है, बल्कि एक गहरी संवेदना है। कई जगहों पर सौरभ शुक्ला संवादों की बजाय मौन का इस्तेमाल करते हैं और यही मौन दर्शक को पात्रों के मन के भीतर झांकने का मौका देता है।

दरअसल, पहले 'जब खुली किताब' एक नाटक के रूप में बनाया गया गया था, जिसमे मुख्य भूमिका में भी सौरभ ने खुद ही काम किया था। यह फ़िल्म हमें याद दिलाती है कि सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को समझने का भी एक जरिया हो सकता है।

इस फ़िल्म की एक बड़ी ताकत इसके कलाकार हैं। पंकज कपूर हिंदी सिनेमा और रंगमंच के उन दुर्लभ अभिनेताओं में से हैं, जो  चरित्र को जीवित कर देते हैं। इस फ़िल्म में उनका अभिनय अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। वे अपने चेहरे के भाव, आंखों की नमी और आवाज़ के उतार-चढ़ाव से एक ऐसे व्यक्ति की मन: स्थिति को दर्शाते हैं, जो वर्षों से अपने भीतर बहुत कुछ दबा कर जी रहा है। डिंपल कपाड़िया का अभिनय भी बेहद प्रभावशाली है। उन्होंने अपने किरदार में गरिमा और संवेदनशीलता का सुंदर संतुलन बनाया है।

# कठपुतली कला से लोगों को जागरुक कर रहे हैं सुनील सरला


**कुमार कृष्णन**

कभी मनोरंजन का सशक्त माध्यम रहीं कठपुतलियां जागरूकता का काम भी कर रही हैं। कठपुतलियों के जरिए सामाजिक मुद्दों को रोचक तरीके से भी उठाया जा रहा। वहीं, कठपुतलियां सुशिक्षित और स्वस्थ समाज का भी बुलंद संदेश दे रहीं। इतिहास में दर्ज नामों की प्रेरक कहानियों को कठपुतलियों के जरिए जन-जन तक पहुंचाने के भी प्रयास हो रहे हैं। 21 मार्च को विश्व कठपुतली दिवस मनाया जाता है। कठपुतलियों के खेल मेलों से लेकर गांव-मोहल्लों में अक्सर देखने को मिलते थे, जो बेहद मनोरंजक हुआ करते थे। लेकिन पहले टीवी और फिर इंटरनेट युग ने समय के साथ इन कठपुतलियों को बच्चों से दूर कर दिया। संस्कृति की डोर से बंधी कठपुतली कला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि परंपराओं और लोककथाओं की एक जीवंत कहानी है। यह कला हमें अतीत से जोड़ती है और समाज को शिक्षाप्रद संदेश भी देती है। कठपुतली के इतिहास के बारे में कहा जाता है कि ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में महाकवि पाणिनी के अष्टाध्याई ग्रंथ में पुतला नाटक का उल्लेख मिलता है। साथ ही सिंहासन बत्तीसी नामक कथा में भी 32 पुतलियों का उल्लेख है। पुतली कला की प्राचीनता के संबंध में तमिल ग्रंथ च्शिल्पादिकारम्ज् से भी जानकारी मिलती है।

पुतली कला कई कलाओं जैसे लेखन, नाट्य कला, चित्रकला, वेशभूषा, मूर्तिकला, काष्ठकला, वस्त्र-निर्माण कला, रूप-सज्जा, संगीत, नृत्य आदि का मिश्रण है। अब कठपुतली का उपयोग मात्र मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि शिक्षा कार्यक्रमों, रिसर्च कार्यक्रमों, विज्ञापनों आदि अनेक क्षेत्रों में किया जा रहा है। साथ ही साथ यह बच्चों के व्यक्तित्व के बहुमखी विकास में सहायक होता है। बता दें कि, भारत में सभी प्रकार की पुतलियां पाई जाती हैं, जैसे धागा पुतली, छाया पुतली, छड़ पुतली, दस्ताना पुतली आदि।

कठपुतली कला को चंद कलाकार अब भी जीवंत बनाए हुए हैं, उनमें से एक हैं बिहार के मुजफ्फरपुर के सुनील सरला।

कठपुतली से शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता करते सुनील बच्चों के साथ साथ देश समाज में बो रहे हैं कला का संस्कार। कठपुतली जब जल जीवन हरियाली की बात करें तो शहरी लोगों के साथ साथ ग्रामीण लोग भी पर्यावरण जैसे गंभीर विषय को सरल व सहजतापूर्वक समझ जाते हैं।गीत संगीत कहानियों के माध्यम से कठपुतली सामाजिक विज्ञान,समाज सुधार अभियान को लेकर शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से देश समाज में जागरूक करने वाले सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार मुजफ्फरपुर जिले के मुसहरी प्रखंड मालीघाट निवासी कठपुतली कला का प्रशिक्षण देते है।




मेष राशि : आज पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। आज आपको अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।

वृष राशि : आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। नए विचार आपके सामने आते रहेंगे। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिम्मेदारियों पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें। आपकी कोशिशें जल्द ही रंग ला सकती हैं।

मिथुन राशि : आज आपका दिन खुशियों भरा रहने वाला है। आज आपका मन नये काम करने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

कर्क राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं। इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिलने के योग हैं। आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे। आज रुठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं।

सिंह राशि : आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार का सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जायेगी।

कन्या राशि : आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने में व्यस्त रहेगा। पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोल-भाव पर लाभ अधिक होगा। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। यदि छात्र किसी नये पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं तो आज का दिन अनुकूल है।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए नए अनुभव लेकर आएगा। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे और आप कुछ नए प्रतिभाशाली लोगों मिलेंगे। आज अपने आप को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके द्वारा बहुत पहले बनाए गए प्लान में जरूरी बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। धन लाभ का योग बन रहा है। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान बढ़ेगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सामने रुक नहीं सकेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को विशेष सफलता हासिल होगी ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि : आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मान ङ्क सम्मान बढ़ेगा। शिक्षा प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। माता के साथ संबंध मधुर रहेंगे। बिजनेस में पिता को सहयोग करेंगे।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी हो सकती है, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी आज का दिन उनके अनुकूल रहने वाला है।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद से अधिक सफलता मिलेगी। आज आपकी मुलाकात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है।

मीन राशि :आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। परीक्षा में आज अप्रत्याशित परिणाम मिलने से आपको बहुत प्रसन्नता होगी। संतान के करियर संबंधी चिंताएं दूर होंगी। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते हैं।

# उत्पादन, परिवर्तन और विविधीकरण: भारत ने किस प्रकार अपनी ऊर्जा प्रणाली को गतिशील बनाया

आम तौर पर, संरचनात्मक ऊर्जा परिवर्तन शायद ही कभी आरामदायक समय के दौरान होते हैं। वे तब होते हैं जब किसी संकट की लंबे समय तक अनदेखी की जाती है और उसके प्रति निष्क्रिय भाव रखा जाता है। यद्यपि, पिछले 11 वर्षों के दौरान, मोदी सरकार ने इसके विपरीत काम किया है। इसने ऊर्जा क्षेत्र में संरचनात्मक परिवर्तन किए, तब भी जब परिस्थितियां प्रतिकूल नहीं थीं। इसने भारत को वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधानों को सहन करने के प्रति अधिक क्षमता निर्माण में सक्षम बनाया। मोदी सरकार ने घरेलू उत्पादन का विस्तार करके, नए ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तन का प्रबंधन करके और आपूर्ति स्रोतों में विविधता लाकर, अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए बाहरी झटकों का सामना करने में देश को अधिक सक्षम बना दिया है।

भारत के लिए इस समस्या का समाधान करने का मार्ग कभी भी मुश्किल नहीं था। आवश्यकता थी, इसे लगातार आगे बढ़ाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की। पिछले एक दशक में, मोदी सरकार ने अपनी योजनाओं पर बने रहने का निर्णय लिया। मोदी सरकार ने खुद को आम लोगों के प्रति जवाबदेह बनाया है, जो अपनी समस्याओं का समाधान चाहते थी। इसकी कार्यनीति तीन स्तंभों पर टिकी हुई थी और प्रत्येक ने सरकार से एक अलग तरह की प्रतिबद्धता की मांग की।

पहले कार्यनीति घरेलू उत्पादन की थी। पेट्रोल के साथ इथेनॉल मिलाने की कार्यप्रणाली 2001 में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरंभ हुई थी। फिर भी कई वर्षों तक, भारत ने कोई प्रगति नहीं की और इथेनॉल उत्पादन स्थिर रहा। 2014 के बाद ही व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला के माध्यम से, भारत इस पहल की पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम हुआ। मोदी सरकार के तहत, देश ने ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन से निपटने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए व्यापक सुधारों की एक श्रृंखला आरंभ की। इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम (ईबीपी) के तहत शुरू में 2030 के लिए पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।

हालांकि, 2020 में, आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस लक्ष्य को 2025 तक विस्तारित कर दिया, क्योंकि इसने भू-राजनीतिक झटकों की स्थिति में ऊर्जा आयात के प्रति देश की निर्बलता को कम करने के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया। प्रयासों और नीतिगत फोकस के परिणामस्वरूप, पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग 2014 में 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 20 प्रतिशत हो गया, जो 11 वर्षों में 13 गुना वृद्धि है। इथेनॉल उत्पादन 2014 में 38 करोड़ लीटर से बढ़कर जून 2025 तक 661.1 करोड़ लीटर हो गया।

20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम अब सालाना लगभग 44 मिलियन बैरल कच्चे तेल को विस्थापित करता है।

दूसरी कार्यनीति सही तरीके से ऊर्जा परिवर्तन करने से संबंधित थी। मोदी सरकार ने सभी स्तरों पर देश के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग के विकास का समर्थन किया। इसने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में शत-प्रतिशत एफडीआई की अनुमति दी, जिसने पिछले चार वर्षों में एफडीआई में 36 बिलियन डॉलर को आकर्षित किया है। प्रौद्योगिकी नवोन्मेषण को प्रोत्साहित करने और ऑटोमोबाइल विनिर्माण क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला क्षमता का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहन योजनाएं आरंभ की गईं। भारत में (हाइब्रिड) ईवी का फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग (फेम I) 2015 में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन प्रौद्योगिकी को अपनाने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया गया था, जिससे इस क्षेत्र का सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

योजना के पहले चरण में, लगभग 2.78 लाख ईवी जोड़े गए, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 59 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई। फेम इंडिया योजना के परिणाम और अनुभव के आधार पर, फेम का दूसरा चरण 2019 में आरंभ किया गया। हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों पर अग्रिम मूल्य में कटौती के माध्यम से उपभोक्ताओं (खरीदारों/अंतिम उपयोगकर्ताओं) को प्रोत्साहन और रियायतें प्रदान की गईं, जिससे  इसे व्यापक स्तर पर अपनाने की सुविधा मिली। इस पहल ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए अधिक किफायती और सुलभ बना दिया, जिससे उन्हें अपनाने में तेजी लाने में मदद मिली। इस योजना ने 16 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर सब्सिडी दी, जिससे 42.9 मिलियन लीटर ईंधन की बचत हुई।

इसके अतिरिक्त, इस पहल के परिणामस्वरूप, 2019-20 की तुलना में 2023-24 में भारत में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में 9.7 गुना वृद्धि हुई। वर्तमान में, भारत के ईवी बाजार में 2025-2026 में तेजी देखी जा रही है, जिसकी बिक्री 2.3 मिलियन यूनिट (कुल वाहन पंजीकरण का लगभग 8 प्रतिशत) तक पहुंच गई है।

ईवी और नवीकरणीय ऊर्जा सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन महत्वपूर्ण खनिजों के संबंध में इस परिवर्तन में निर्भरता से जुड़ा जोखिम भी है। खनिज निर्भरता की जगह तेल निर्भरता के लिए बदलाव से पूर्ण ऊर्जा सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती। इस निर्बलता को दूर करने के लिए, मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित करने और भारत की महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन आरंभ किया।

तीसरी कार्यनीति, मोदी सरकार की ऊर्जा स्रोतों और आपूर्ति भागीदारों के विविधीकरण से जुड़ी थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बहु- संयोजन की नीति अपनाई है, जिसने भारत को अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए कई राज्यों के साथ समानांतर, गहरे संबंध विकसित करने में सक्षम बनाया है। इस कूटनीतिक लोकसंपर्क ने भारत के क्रूड सोर्सिंग बेस को एक दशक पहले के 27 देशों से बढ़ाकर आज 40 से अधिक कर दिया है।

इन उपायों के महत्व को समझने का एक उपयोगी तरीका यह विचार करना है कि अगर ये कदम नहीं उठाए गए होते तो स्थिति कैसी दिख सकती थी। रूस-यूक्रेन युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव जैसी घटनाओं ने बार-बार प्रदर्शित किया है कि आपूर्ति श्रृंखलाएं कितनी जल्दी प्रभावित हो सकती हैं। उदाहरण के लिए विचार करें कि इथेनॉल ब्लेंडिंग जैसे घरेलू विकल्पों के विस्तार के बिना, जिसने 2014 के बाद पहले ही 190 मिलियन बैरल मीट्रिक टन से अधिक कच्चे तेल के आयात (और 1.55 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है) को प्रतिस्थापित किया है, इस तरह के झटकों के लिए भारत का जोखिम बहुत अधिक और प्रतिकूल परिणाम होता।



# विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम भाजपा की सुविधा के अनुसार बनाया गया : प्रियंका गांधी



नई दिल्ली (ए)। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सुविधा के अनुसार बनाया गया है। केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस की लोकसभा सांसद ने कहा कि मुझे लगता है कि चुनावों की घोषित तिथियां और निर्धारित चरण भाजपा की सुविधा के अनुसार तय किए जाते हैं। केरल और तीन अन्य राज्यों - पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा चुनाव आयोग ने कल की थी। रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने विधानसभा चुनावों को गर्व का त्योहार बताया और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया। इन चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों का गहन संशोधन किया जा चुका है और अंतिम मतदाता सूचियां प्रकाशित हो चुकी हैं। पश्चिम बंगाल में मतदान दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होगा। केरल और असम में एक ही चरण में 9 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान होगा। पुडुचेरी में भी मतदान 9 अप्रैल को होगा। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि चारों राज्यों और पुडुचेरी में वोटों की गिनती 4 मई को होगी। वर्तमान विधानसभाओं का कार्यकाल अलग-अलग तिथियों पर समाप्त हो रहा है: पश्चिम बंगाल में 7 मई, तमिलनाडु में 10 मई, असम में 20 मई, केरल में 23 मई और पुडुचेरी में 15 जून।

## एलपीजी संकट से जनता परेशान, पांचों राज्यों के चुनाव में भाजपा को मिलेगा करारा जवाब : अनुराग ढांडा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि आने वाले समय में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को ज़ोर का झटका लगेगा है। देश की जनता भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से बेहद नाराज़ है और चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि असम और केरल में आम आदमी पार्टी खुद चुनाव लड़कर भाजपा को चुनौती देगी, जबकि पश्चिम बंगाल में आम आदमी पार्टी ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस को समर्थन देकर भाजपा को हराने का काम करेगी। आम आदमी पार्टी का हर कार्यकर्ता भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ेगा। अनुराग ढांडा ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों और कुप्रबंधन के कारण आज पूरा देश एलपीजी गैस के गंभीर संकट से जूझ रहा है। कई राज्यों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों को गैस सिलेंडर पाने के लिए अपना काम-धंधा छोड़कर लाइनों में लगना पड़ रहा है। कई जगहों पर लोगों को खुद अपने कंधों पर सिलेंडर उठाकर घर ले जाना पड़ रहा है।

# नवीन पटनायक का बीजेपी पर संगीन आरोप, अपराधी कर रहे विधायकों की खरीद-फरोख्त



भुवनेश्वर (ए.)। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (बीजेडी) के नेता नवीन पटनायक ने सोमवार को राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला और आरोप लगाया कि विधायकों की खरीद-फरोख्त में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग शामिल हैं। पटनायक ने मीडिया से कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा और उसके सहयोगियों के बारे में जो चर्चा हुई है, उससे साफ है कि वे किस मकसद से विधायकों की खरीद-फरोख्त कर रहे हैं। उन्होंने अपने लिए काम करने के लिए कई लोगों को इकट्ठा किया है। मुझे यह कहते हुए शर्म आ रही है कि उनमें से ज्यादातर का आपराधिक इतिहास है। नवीन पटनायक ने कहा कि आप खुद देख लीजिए कि उनमें से कितने लोगों के माता-पिता जेल जा चुके हैं या खुद जेल जाने की धमकी का सामना कर चुके हैं। और कल ही भाजपा विधायकों को पारादीप जेल में रखा गया था। इससे पहले आज, पटनायक ने राज्यसभा चुनाव के दौरान मतदान में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि एक विधायक को दूसरा मतपत्र जारी करके चुनाव नियमों का उल्लंघन किया गया। पटनायक ने कहा कि ब्रह्मगिरि विधानसभा क्षेत्र की विधायक ने वोट डालते समय गलती की थी। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि मतदान अधिकारी ने गलती के बावजूद वोट स्वीकार कर लिया और बाद में दूसरा मतपत्र जारी किया, जो उनके अनुसार चुनाव नियमों का उल्लंघन है। पटनायक ने कहा कि ब्रह्मगिरि की विधायक ने वोट डालते समय स्पष्ट गलती की थी। लेकिन मतदान कक्ष में मौजूद प्रभारी अधिकारी ने अवैध रूप से उनका वोट स्वीकार कर लिया और दूसरा मतपत्र जारी कर दिया। यह पूरी तरह से लोकतांत्रिक मानदंडों के विरुद्ध और चुनाव नियमों का उल्लंघन है।

# भारत की अरुंधति रेड्डी रेस में, पुरुषों में फरहान-जैक्स में टक्कर



नई दिल्ली (ए)। आईसीसी ने फरवरी के प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए पुरुष वर्ग में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान, इंग्लैंड के विल जैक्स और अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक को उनके टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर नामांकित किया है। महिला वर्ग में भारत की अरुंधति रेड्डी, पाकिस्तान की फातिमा सना और श्रीलंका की हर्षिता समरविक्रमा अपनी-अपनी द्विपक्षीय सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन के कारण सूची में शामिल हैं। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स और अमेरिका के तेज गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक को फरवरी महीने के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। आईसीसी द्वारा जारी एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, श्रीलंका की बल्लेबाज हर्षिता समरविक्रमा, पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना और भारत की सीम गेंदबाज अरुंधति रेड्डी महिला वर्ग में नामांकित खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। साहिबजादा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में रिकॉर्ड कुल स्कोर बनाकर अन्य बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया, जबकि विल जैक्स और शाल्कविक भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे। तीनों को टूर्नामेंट के अंत में घोषित आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल किया गया, जिसमें शाल्कविक को 12वें खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया। साहिबजादा फरहान (पाकिस्तान): इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज ने टूर्नामेंट के दौरान सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 76.60 के औसत और 160.25 के स्ट्राइक रेट से 383 रन बनाए।

# पंजाब ने सिंगल विंडो प्रणाली के साथ कारोबार और फिल्म शूटिंग के लिए दरवाजे खोले : बलतेज पन्नू



चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब को फिल्म निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने पंजाब फिल्म प्रमोशन नीति 2026 लागू की है, जिसे निवेश को आकर्षित करने के लिए लाभकारी और लचीला बनाया गया है। यह बात मोहाली स्थित प्लाक्शा यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन 2026 के दौरान मीडिया और मनोरंजन सत्र में आयोजित पैनल चर्चा में सामने आई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा, हम हर फिल्मकार, हर निवेशक और हर रचनात्मक व्यक्ति का स्वागत करते हैं। आपको जो भी चाहिए और जैसे भी चाहिए, मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार आपके साथ खड़ी है।उन्होंने कहा कि पंजाब की नकारात्मक छवि प्रस्तुत करने वाले बिचौलियों का दौर समाप्त हो चुका है और फिल्मकारों तथा मीडिया से जुड़े लोगों को शूटिंग के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस प्रणाली तथा हर प्रकार की सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का ड्रीम प्रोजेक्ट है और इसे वास्तविकता में बदलने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पंजाब की पंजाबियत की आत्मा कभी खत्म नहीं हो सकती। श्री पन्नू ने बताया कि सरकार फिल्म शूटिंग के लिए अनुमति प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए कई सुधार कर रही है। उन्होंने एक हालिया उदाहरण देते हुए कहा कि जब एक प्रोडक्शन यूनिट को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ा तो संबंधित अधिकारी को एक फोन करने पर ही समस्या तुरंत हल हो गई। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पंजाब की धरती पर कदम रखने वाला हर कलाकार और फिल्म उद्योग से जुड़ा व्यक्ति हमारे परिवार का हिस्सा है। हम हर संभव सहायता करेंगे ताकि वह यहां खुद को घर जैसा महसूस करे।

## मोगा रैली ऐतिहासिक, 2027 में पूर्ण बहुमत के साथ पंजाब में बनेगी भाजपा सरकार : केवल सिंह ढिल्लों

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। पंजाब के मोगा में भारतीय जनता पार्टी की रैली की अपार सफलता के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के हौसले सातवें आसमान पर हैं। रैली में उमड़े जनसैलाब को लेकर पंजाब भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बड़ा दावा किया है कि इस रैली ने पंजाब की राजनीति में एक नए युग की नींव रख दी है और 2027 के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ राज्य की सत्ता पर काबिज होगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने अपने बयान में कहा कि वह मोगा रैली में पहुंचे लाखों पंजाबियों का हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते हैं। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक रैली में करीब एक से डेढ़ लाख लोग पहुंचे थे। जनसैलाब का आलम यह था कि रैली समाप्त होने के बाद भी लोगों को आयोजन स्थल से बाहर निकलने में दो से तीन घंटे का लंबा समय लग गया। ढिल्लों ने कहा कि जनता का यह भारी हुजूम पंजाब में एक बड़े और स्पष्ट राजनीतिक बदलाव का संकेत दे रहा है। केवल सिंह ढिल्लों ने जोरदार शब्दों में कहा कि मोगा की रैली ने 2027 के चुनावों के लिए एक मजबूत नींव रख दी है। उन्होंने दृढ़ विश्वास जताते हुए कहा कि जिस तरह आज देश के 19 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें पूरी मजबूती से काम कर रही हैं, ठीक उसी तर्ज पर 2027 में पंजाब में भी पूर्ण बहुमत वाली भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने इस रैली को पंजाब की सियासत में एक 'ऐतिहासिक बदलाव' का दिन करार दिया, जिसने राज्य में सत्ता परिवर्तन की एक नई लहर को जन्म दे दिया है। इस मौके पर ढिल्लों ने देश के गृह मंत्री अमित शाह का भी विशेष रूप से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने पंजाब की धरती पर आकर राज्य के लोगों के सामने पार्टी का विजन और भविष्य की रूपरेखा बिल्कुल स्पष्ट कर दी है। अमित शाह के स्पष्ट संदेश ने न सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा है, बल्कि आम जनता के मन में भी भाजपा के प्रति एक अटूट विश्वास जगाया है।

## गरमजोशी भरी मेहमाननवाज़ी के साथ पंजाबी गीत-संगीत और नृत्यों ने भी निवेशकों का मन मोह लिया

मोहाली (आरएनएस)। प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन-2026 के दौरान जहाँ देश-विदेश से आए निवेशक पंजाब सरकार की निवेश-समर्थक नीतियों से बेहद प्रभावित हुए, वहीं राज्य सरकार की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाज़ी के साथ पंजाबी गीत-संगीत और नृत्यों ने भी निवेशकों का दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने उद्घाटन सत्र के दौरान कहा था कि सम्मेलन में भाग लेने आए प्रतिनिधि पंजाबी गानों और खान-पान का भी आनंद लेंगे।सम्मेलन के दौरान मोहाली गोल्फ रेंज में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध पंजाबी गायक रंजीत बावा और हरजीत हरमन की गायकी ने डेलिगेट्स को झूमने और नाचने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर जुगनी सांस्कृतिक समूह द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य लुड्डी और भंगड़ा ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए खूब तालियाँ बटोरीं।रंजीत बावा ने अपने प्रसिद्ध गीत गाकर समां बांध दिया। बावा की दमदार प्रस्तुति पर प्रतिनिधियों ने जमकर भंगड़ा डाला। बावा ने हेवीवेट भंगड़ा, फैमिली दी मेंबर, शेर, मुकाबला, छोटे-छोटे घरां जैसे हिट गीत गाकर सभी का मनोरंजन किया।हरजीत हरमन ने एक धार्मिक गीत के साथ अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की और जिथों मरज़ी वंगां चढ़वा लई मित्रां दा नाम चलदा, पंजाब गुरुओं की कृपा से बसता है, चौबी कैरेट गोल्ड सहित पंजाबी संस्कृति की झलक दिखाते अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।इस दौरान पंजाब के उद्योग, वाणिज्य और निवेश प्रोत्साहन मंत्री संजीव अरोड़ा ने देश-विदेश से आए सभी मेहमानों का सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन के प्रतिनिधियों को पंजाबी संस्कृति से भी परिचित करवाया जा रहा है। इस मौके पर इन्वेस्ट पंजाब सम्मेलन में देश-विदेश से आए बड़ी संख्या में डेलिगेट्स ने लोक गायकी से सजी इस खूबसूरत सांस्कृतिक शाम के साथ पंजाबी व्यंजनों का भी आनंद लिया।

# अनुराग सिंह ठाकुर के टीबी मुक्त भारत अभियान को मिला दिल्ली पुलिस का साथ



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा टीबी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और 'टीबी मुक्त भारत-टीबी हारेगा, देश जीतेगा' की पहल के अंतर्गत आज दिल्ली में सांसद और दिल्ली पुलिस अधिकारियों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का नेशनल स्टेडियम में आयोजन हुआ। सांसदों की कमान अनुराग सिंह ठाकुर तो दिल्ली पुलिस की कप्तानी कमिश्नर सतीश गोलचा ने सम्हाली। कड़े रोमांचक मुक़ाबले में दिल्ली पुलिस ने सांसदों की टीम को 12 रनों से हराकर विजेता की ट्राफी अपने नाम की। टॉस हारकर पहके बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली पुलिस की टीम ने 20 ओवर में 225 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में अनुराग सिंह ठाकुर की शानदार 52 रनों की पारी के बावजूद सांसदों की टीम 212 रन पर सिमट गई। डीडी स्पोर्ट्स पर इस मैत्री क्रिकेट मैच का सजीव प्रसारण हुआ। इस मैत्री क्रिकेट मैच के बारे में बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने 'टीबी-मुक्त भारत' टी20 मैच पर कहा, मैं सभी सांसदों और पुलिस के अधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं कि जागरूकता के लिए हम टीबी-मुक्त क्रिकेट मैच खेल रहे हैं। टीबी-मुक्त भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है। ये एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लाखों लोगों की जान जाती है। हम इसे लेकर जागरूकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं और पूर्व में भारत के कई शहरों में टीबी हारेगा, देश जीतेगा की पहल के अंतर्गत हम क्रिकेट मैच खेल चुके हैं। टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए हम देश के कोने-कोने जाकर मैच खेलेंगे और जनता को टीबी के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे। आज दिल्ली में पुलिस अधिकारियों टीम के साथ मैच खेलना एक शानदार अनुभव है। दोनों टीमों को मिलाकर 400 से ज़्यादा रन बने हैं जो इस मैच के उत्साह का प्रमाण है आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान की दिशा में ऐसे आयोजन जागरूकता को बढ़ाने के मददगार सिद्ध होंगे। हम भले ही मैच हारे हैं लेकिन जिस मक़सद के साथ इसका आयोजन था वो सफल रहा और इसी तरह हम भारत से टीबी को हराने में सफल होंगे। हम मैदान में एक-दूसरे के खिलाफ खेल सकते हैं, लेकिन हमारी असली लड़ाई टीबी के खिलाफ है। हमारा नारा है हम खेलेंगे, लेकिन टीबी हारेगा टीबी किसी पार्टी, व्यक्ति, देश या भाषा को देखकर नहीं आता, यह किसी को भी हो सकता है। इस मैच का मुख्य मकसद टीबी को हराना और यह संदेश हर नागरिक तक पहुंचाना है।

## परीक्षा प्रक्रिया पर सीएम योगी का सख्त निर्देश, किसी भी व्यक्ति, जाति और पंथ पर अमर्यादित टिप्पणी नहीं होगी स्वीकार्य

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे राज्य में सभी भर्ती बोर्ड के चेयरपर्सन्स के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने भर्ती बोर्डों से परीक्षा प्रक्रियाओं में गरिमा और संवेदनशीलता सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही, जिलाधिकारियों को राज्य के पश्चिमी हिस्सों में हाल ही में हुई बारिश के असर की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया है। अलग-अलग भर्ती बोर्ड और आयोगों के अध्यक्षों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ अथवा संप्रदाय की आस्था और गरिमा के संबंध में किसी भी प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होगी। इसके दृष्टिगत सभी पेपर सेटर्स को भी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं और ऐसे आदतन अपराधियों को तत्काल प्रतिबंधित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रश्न पत्र तैयार करने वालों को परीक्षा के प्रश्न बनाते समय पूरी सावधानी और जिम्मेदारी बरतनी चाहिए, जिससे परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता, संवेदनशीलता और गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। सीएम आदित्यनाथ ने भर्ती अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सभी प्रश्न पत्र तैयार करने वालों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करें, जिसमें अनुचित या आपत्तिजनक सामग्री से बचना अनिवार्य हो।



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में, सोलंग घाटी में बर्फ़बारी के दौरान ट्रैफ़िक जाम में फँसे वाहन।

## पंजाब में निवेश करें, सरकार देगी पूरा सहयोग और प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान



मोहाली (आरएनएस)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने एसएएस नगर (मोहाली) में आयोजित तीन दिवसीय प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट के समापन अवसर पर उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्हें राज्य में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार उद्योगों को पूरा सहयोग और आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और विदेश से आए निवेशकों की बड़ी भागीदारी ने यह साबित किया है कि पंजाब में औद्योगिक विकास के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो चुका है। उन्होंने घोषणा की कि समिट में तय किए गए निवेश प्रस्तावों और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए सरकार छह महीने बाद निवेशकों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित करेगी।समिट के अंतिम दिन उद्योगपतियों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने और पंजाब की आर्थिक प्रगति में भागीदार बनने के लिए आए उद्योगपतियों की प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के प्रमुख उद्योगपति इस महत्वपूर्ण मंच पर एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे श्रेष्ठ कोच अपनी टीम को हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति के लिए तैयार करते हैं, उसी प्रकार राज्य सरकार ने भी पंजाब में उद्योगों के लिए मजबूत और सकारात्मक वातावरण तैयार करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

## पंजाब में हथियार और ड्रग्स तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़, छह आरोपी गिरफ्तार

अमृतसर (आरएनएस)। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार हथियारों और ड्रग्स तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 6 अत्याधुनिक पिस्टल बरामद की हैं। आरोपियों के कब्जे से 60 कारतूस और 3.513 किलोग्राम हेरोइन भी बरामद की गई। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इस कार्रवाई को अमृतसर सीमा क्षेत्र में चल रहे नशा और हथियार तस्करी के खिलाफ पुलिस की सतत मुहिम का हिस्सा बताया है। पंजाब डीजीपी के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि बरामद हथियार और हेरोइन का संबंध पाकिस्तान के तस्करों से है, जो भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हथियारों और नशीले पदार्थों की आपूर्ति में मदद कर रहे थे। आरोपी सीमा पार से आने वाले एक दलाल के अधीन काम कर रहे थे, जिससे एक बड़े संगठित तस्करी नेटवर्क का संकेत मिलता है।

# तृषा कृष्णनन और विजय का पुराना वीडियो हुआ वायरल



मुंबई (ए.)। काफी दिनों से साउथ के दो बड़े सितारे तृषा कृष्णनन और थलापति विजय के अफेयर की चर्चाएं फिल्मी गलियारों में चल रही हैं। इन अफवाहों को उस समय और हवा मिल गई जब दोनों तीन हफ्ते पहले चेन्नई में एक समारोह में एक साथ नजर आए। यह समारोह निर्माता कलपथि एस सुरेश और मीनाक्षी सुरेश के बेटे के रिसेप्शन का था, जहां दोनों एक ही कार में पहुंचे थे। इस घटना के बाद उनके रिश्ते को लेकर कयास और तेज हो गए। इन चर्चाओं के बीच सोशल मीडिया पर तृषा और विजय का एक पुराना वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों एक-दूसरे की जमकर तारीफ करते दिखाई दे रहे हैं।

यह वीडियो उस समय का है जब दोनों ने करीब 15 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशक लोकेश कनगराज की फिल्म लियो में साथ काम किया था। फिल्म की सफलता के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में दोनों कलाकारों ने एक-दूसरे के साथ काम करने के अनुभव को लेकर खुलकर बातें की थीं। इस दौरान तृषा कृष्णनन ने विजय के साथ अपनी लंबी दोस्ती और कामकाजी संबंधों का जिक्र करते हुए कहा था कि उन्हें ऐसा महसूस हुआ जैसे लंबे समय बाद किसी पुराने स्कूल दोस्त से मुलाकात हो रही हो।

उन्होंने कहा कि उनके बीच वही अपनापन, दोस्ती और सहजता आज भी कायम है। तृषा ने यह भी बताया कि अपने लगभग 20 साल के करियर में अगर किसी को-स्टार के साथ उनका सबसे लंबा सफर रहा है तो वह विजय ही हैं।

इसी कार्यक्रम में विजय ने भी तृषा की तारीफ करते हुए कहा था कि किसी 20 साल की लड़की का फिल्म इंडस्ट्री में हीरोइन बनना बड़ी बात नहीं होती, लेकिन अगर वही कलाकार दो दशकों तक उसी ऊर्जा और खूबसूरती के साथ दर्शकों का दिल जीतती रहे तो यह वास्तव में खास बात होती है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में तृषा के खास अंदाज का जिक्र करते हुए उन्हें "प्रिंसेस" भी कहा था। गौरतलब है कि विजय और तृषा की जोड़ी को कोलिवुड की सबसे लोकप्रिय ऑनस्क्रीन जोड़ियों में गिना जाता है। दोनों ने घिल्ली, थिरुपाची, आथी और कुरुवी जैसी कई सफल फिल्मों में साथ काम किया है। लंबे अंतराल के बाद फिल्म लियो में उनकी जोड़ी एक बार फिर पर्दे पर दिखाई दी, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया।

## नीना गुप्ता ने प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर लगाया विराम



मुंबई (ए.)। हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरों के सामने आने के बाद यह कयास लगाए जाने लगे कि अभिनेत्री नीना गुप्ता प्रेग्नेंट हैं। इन कयासों पर नीना गुप्ता ने विराम लगाते हुए स्पष्ट किया कि वह प्रेग्नेंट नहीं हैं। अभिनेत्री ने बताया है कि यह महज एक गलतफहमी थी। दरअसल हाल ही में नीना गुप्ता को एक इवेंट में देखा गया था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें तेजी से वायरल हो गईं। इन तस्वीरों को देखकर कुछ लोगों ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि अभिनेत्री गर्भवती हैं। अफवाहें फैलने के बाद नीना गुप्ता ने एक इंटरव्यू में इस पर प्रतिक्रिया दी और साफ कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई "बधाई हो" वाली स्थिति नहीं है और वह बिल्कुल भी प्रेग्नेंट नहीं हैं। अभिनेत्री के अनुसार उस इवेंट में उन्होंने जो साड़ी पहनी थी उसका मटेरियल थोड़ा मोटा था, जिसकी वजह से उनका लुक थोड़ा अलग नजर आ रहा था और लोगों को गलतफहमी हो गई।

नीना गुप्ता ने मजाकिया अंदाज में यह भी कहा कि उन्हें यह जानकर अच्छा लगा कि उनकी उम्र में भी लोग उनकी प्रेग्नेंसी की अफवाह उड़ा रहे हैं। उनके मुताबिक यह इस बात का संकेत है कि समाज सोच के स्तर पर आगे बढ़ रहा है और उम्र को लेकर लोगों की धारणाएं बदल रही हैं।

## केरल स्टोरी-2' में मुसलमानों को दिखाया नकारात्मक रूप में : स्वरा भास्कर




मुंबई (ए.)। हाल ही में सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर राय रखने वाली अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने फिल्म द केरला स्टोरी 2 को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए अभिनेत्री ने फिल्म की कहानी और उसके प्रस्तुतिकरण पर सवाल उठाए हैं। इस पोस्ट पर सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। दरअसल स्वरा भास्कर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी में फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए एक लंबा नोट लिखा। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने इस फिल्म या इसके ट्रेलर को देखा है तो उसे यह महसूस हो सकता है कि इसमें मुसलमानों को नकारात्मक रूप में दिखाया गया है।

स्वरा ने आरोप लगाया कि फिल्म के जरिए एक खास समुदाय के प्रति नकारात्मक छवि बनाने की कोशिश की गई है। अभिनेत्री ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा कि ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि फिल्म में हिंदू महिलाओं को बहुत भोली और मासूम तरीके से दिखाया गया है। उनके अनुसार कहानी में महिलाओं को ऐसे प्रस्तुत किया गया है मानो वे आसानी से प्रभावित हो जाती हैं और उन्हें अपनी गलतियों से बचाने के लिए किसी बाहरी सुरक्षा की जरूरत होती है। स्वरा ने इस तरह की प्रस्तुति पर आपत्ति जताते हुए कहा कि फिल्मों में इस तरह की छवियां समाज में गलत संदेश दे सकती हैं।

## पूनम ने मात्र 18 वर्ष की उम्र में रखा था मॉडलिंग की दुनिया में कदम

मुंबई (ए.)। अपने करियर के दौरान चर्चित मॉडल और अभिनेत्री पूनम पांडे ने कई बार विवादों के कारण सुर्खियां बटोरीं और एक समय ऐसा भी आया जब उनके द्वारा लॉन्च किए गए मोबाइल ऐप को गूगल ने प्ले स्टोर से



हटा दिया था। पूनम पांडे का जन्म 11 मार्च 1991 को उत्तर प्रदेश के कानपुर में एक साधारण परिवार में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई दिल्ली में पूरी की और महज 18 वर्ष की उम्र में मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। अपने बोल्ड फोटोशूट्स के कारण वह जल्दी ही चर्चा में आ गईं और सोशल मीडिया पर भी उनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ने लगी। वर्ष 2010 में उन्होंने ग्लैडरैग्स मैनहंट और मेगा मॉडल प्रतियोगिता में भाग लिया, जहां वह टॉप 9 प्रतिभागियों में शामिल रहीं। इसके बाद उन्होंने कई कैलेंडर और फोटोशूट्स में काम किया, जिनमें 2012 का किंगफिशर कैलेंडर विशेष रूप से चर्चा में रहा। साल 2011 में पूनम पांडे अचानक राष्ट्रीय सुर्खियों में आ गईं, जब उन्होंने कहा कि यदि भारतीय क्रिकेट टीम विश्व कप जीतती है तो वह न्यूड हो जाएंगी। इस बयान ने उन्हें रातोंरात चर्चा का विषय बना दिया। विवादों के बीच उन्होंने बॉलीवुड में भी कदम रखा और 2013 में फिल्म नशा से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की।

# बेटी की सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी हायर करेगी प्रियंका चोपडा

मुंबई (ए.)। ग्लोबल अभिनेत्री प्रियंका चोपडा ने अपनी बेटी मालती की प्राइवेसी और सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी हायर करने का फैसला लिया है। एक्ट्रेस का कहना है कि वह नहीं चाहतीं कि बिना अनुमति कोई उनकी बेटी की तस्वीरें या वीडियो रिकॉर्ड करे। एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि जैसे-जैसे मालती बड़ी हो रही है, वह और उनके पति निक जोनस उसकी पहचान को लेकर पहले से ज्यादा सावधानी बरत रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि मालती बहुत घूमना-फिरना पसंद करती है और वे चाहते हैं कि लोग उसे सामान्य बच्चे की तरह देखें, न कि एक सेलिब्रिटी की बेटी के रूप में।



उनका मानना है कि बच्चों को ऐसी परवरिश मिलनी चाहिए जिसमें वे लोगों से डरें नहीं और दुनिया को खुले मन से समझ सकें। प्रियंका ने बताया कि वह नहीं चाहतीं कि उनकी बेटी लोगों को शक की नजर से देखना सीखे। उनके अनुसार दुनिया में अच्छे और बुरे दोनों तरह के लोग होते हैं, इसलिए बच्चों को जागरूक बनाना जरूरी है, लेकिन साथ ही उन्हें सही-गलत की समझ भी होनी चाहिए। इसी सोच के साथ उन्होंने मालती की सुरक्षा को लेकर कुछ अतिरिक्त कदम उठाने का निर्णय लिया। प्रियंका ने यह भी साझा किया कि एक घटना ने उन्हें सुरक्षा को लेकर गंभीर रूप से सोचने पर मजबूर कर दिया था। उन्होंने बताया कि एक बार मालती स्कूल से घर लौट रही थी, तभी एक अजनबी व्यक्ति उसका पीछा करते हुए घर तक आ गया और वीडियो रिकॉर्ड करने लगा।

इस घटना ने प्रियंका और निक दोनों को काफी परेशान कर दिया। इसके बाद उन्होंने तय किया कि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी जरूरी है। प्रियंका और निक की बेटी मालती का जन्म भी काफी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हुआ था। मालती प्रीमैच्योर बेबी थी और जन्म के समय उसकी हालत काफी नाजुक थी। निक जोनस ने पहले एक पॉडकास्ट में बताया था कि बेटी तय समय से पहले पैदा हुई थी और जन्म के वक्त उसका रंग बैंगनी पड़ गया था। उस समय दोनों बेहद चिंतित थे और कई दिनों तक अस्पताल में रहकर बेटी की देखभाल करते रहे।

## कौन हैं माइकल बी. जॉर्डन? बने ऑस्कर जीतने वाले छठे ब्लैक एक्टर; कहा- 'मेरे लिए गर्व की बात'



फिल्म 'सिनर्स' के स्टार माइकल बी. जॉर्डन के लिए इस साल का ऑस्कर अवॉर्ड्स बहुत खास रहे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड्स में उन्होंने पहली बार बेस्ट एक्टर का ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया।

**सिडनी पोइटियर और विल स्मिथ का किया जिक्र**

रिपोर्ट के मुताबिक, वह लीड एक्टर कैटेगरी में ऑस्कर जीतने वाले छठे ब्लैक एक्टर बन गए हैं। अपने इमोशनल एक्सेप्टेंस स्पीच में माइकल बी. जॉर्डन ने उन दिग्गज कलाकारों को याद किया जिन्होंने ब्लैक कलाकारों के लिए रास्ता बनाया।

उन्होंने खास तौर पर सिडनी पोइटियर और विल स्मिथ का जिक्र किया। उन्होंने आगे कहा, 'इन महान कलाकारों के बीच अपना नाम जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है।'

**फिल्म को ऑस्कर में मिले 16 नॉमिनेशन**

इस कैटेगरी में माइकल बी. जॉर्डन का मुकाबला टिमोथी चालमेट की फिल्म 'मार्टी सुप्रीम', लियोनार्डो डिकैप्रयो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर', इथान हॉकी की 'ब्लू मून' और वैगनर मौरा की 'द सीक्रेट एजेंट' से था।

फिल्म 'सिनर्स' की कहानी 1930 के दशक पर आधारित है, जिसमें माइकल बी. जॉर्डन जुड़वां भाइयों स्मोक और स्टैक का डबल रोल निभाते हैं। दोनों भाई पहले वर्ल्ड वॉर के बाद साउथ अमेरिका लौटते हैं और एक ज्यूक जॉइंट खोलते हैं। लेकिन जल्द ही छोटे से शहर पर वैम्पायरों का हमला हो जाता है और कहानी रोमांचक मोड़ लेती है।

इस फिल्म का निर्देशन रयान कूग्लेर ने किया है। फिल्म को ऑस्कर में कुल 16 नॉमिनेशन मिले, जिनमें बेस्ट पिक्चर और बेस्ट डायरेक्टर भी शामिल हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी 'सिनर्स' ने शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 370 मिलियन डॉलर की कमाई की।

**माइकल बी. जॉर्डन के बारे में**

माइकल बी. जॉर्डन का जन्म 9 फरवरी 1987 को अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैंटा एना शहर में हुआ था। उनका पूरा नाम माइकल बकारी जॉर्डन है। बचपन में उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की और बाद में टीवी व फिल्मों में काम करना शुरू किया।

**माइकल बी. जॉर्डन का करियर**

उन्होंने सबसे पहले कई टीवी शोज़ में छोटे-छोटे रोल किए। लेकिन उन्हें असली पहचान टीवी सीरीज 'द वायर' और 'फ्राइडे नाइट लाइट्स' से मिली। इन शोज़ के बाद उनका करियर तेजी से आगे बढ़ा।

माइकल बी. जॉर्डन ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, जैसे- 'क्रीड', 'ब्लैक पैंथर', 'क्रीड 2', 'क्रीड 3' और 'सिनर्स', जिसके लिए उन्हें ऑस्कर अवॉर्ड मिला। इन सभी फिल्मों में उनकी एक्टिंग को दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने काफी सराहा है।

**खास बात**

माइकल बी. जॉर्डन सिर्फ एक्टर ही नहीं, बल्कि फिल्म प्रोड्यूसर और डायरेक्टर भी हैं। खासकर क्रीड 3 से उन्होंने निर्देशन की दुनिया में भी कदम रखा।

## फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर ने ऑस्कर में मचाई धूम, 16 कैटेगरी में नॉमिनेट

### -ऑटम डुराल्ड अर्कापॉ को सिनर्स के लिए बेस्ट सिनेमैटोग्राफी के खिताब से नवाजा



मुंबई,(ए.)। हॉलीवुड के डॉल्बी थिएटर में 98वें अकादमी पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ, जिसकी मेजबानी कॉनन ओब्रायन ने की। इस साल फिल्म सिनर्स को 16 अलग-अलग कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया, जबकि वन बैटल आफ्टर अनदर को 13 कैटेगरी में नॉमिनेशन किया। बाजी वन बैटल आफ्टर अनदर मार रही है। बेस्ट साउंड की कैटेगरी में फिल्म में एफ-1 को विजेता घोषित किया गया है, जिसमें इंजनों और टायरों की दमदार आवाज ने जूरी का दिल जीता। इस कैटेगरी में फ्रैंकस्टीन, वन बैटल आफ्टर अनदर, सिनर्स और सिरात को भी नॉमिनेट किया गया था। वहीं बेस्ट ओरिजिनल स्कोर का खिताब सिनर्स के लुडविग गोरान्सन को मिला। इस सूची में जर्स्किन फ़ेंड्रिक्स, मैक्स रिक्टर और जॉनी ग्रीनवुड का नाम भी शामिल था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑटम डुराल्ड अर्कापॉ को सिनर्स के लिए बेस्ट सिनेमैटोग्राफी के खिताब से नवाजा गया है। वह पहली अश्वेत महिला हैं जिन्हें इस क्षेत्र में पुरस्कार से नवाजा गया है। बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म के लिए फिल्म मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन को ऑस्कर मिला है। इस सूची में द अलाबामा सॉल्यूशन, कम सी मी इन द गुड लाइट, कटिंग रॉक्स, और द परफेक्ट नेबर भी शामिल थे।

वहीं सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म का खिताब सेंटिमेंटस वेल्यू; फिल्म को मिला। बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का खिताब फिल्म ऑल द एम्प्टी रूम्स ने जीता, जबकि पटकथा लेखन की कैटेगिरी में एक बार फिर सिनर्स ने बाजी मारी है। फिल्म के लेखक रयान कूगलर को अवॉर्ड से नवाज़ा गया है।

## हार्दिक पाड्या ने खरीदी 12 करोड़ रुपये की फेरारी, गर्लफ्रेंड माहिका के साथ आए नजर

नईदिल्ली,(ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह अपनी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा के साथ अपनी नई गाड़ी फेरारी 12 सिलिंड्री में नजर आ रहे हैं। 2 सीटों वाली ये कार भारत में बहुत कम देखने को मिलती है। इस सुपरकार की कीमत 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसकी टॉप स्पीड करीब 340 से 350 किमी/घंटा है। हार्दिक के पास पहले से कई शानदार गाड़ियां हैं।



फेरारी की इस 12 सिलिंड्री कार में एस्पिरेटेड 6.5-लीटर वी-12 इंजन दिया गया है। ये कार 2.9 सेकेंड में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है। इसमें हाइब्रिड तकनीक का इस्तेमाल नहीं किया गया गया है। इस कार का इंजन 80bhp की पावर जनरेट करता है। यह सुपरकार 8 स्पीड डुअल क्लच ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ आती है। इस कार का बोनट रिवर्ड ओपनिंग डिजाइन के साथ आता है। कार के अंदर 3 डिजिटल स्कीन दी गई है।

हार्दिक ने टी-20 विश्व कप 2026 के सभी 9 मैचों में हिस्सा लिया, जिसमें बल्लेबाजी में उन्होंने 9 पारियों में 27.12 की औसत और 160.74 की स्ट्राइक रेट के साथ 217 रन बनाए। उन्होंने 2 अर्धशतक भी लगाए। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 32.33 की औसत और 8.81 की इकॉनमी रेट के साथ 9 ही विकेट लिए। भारत ने लगातार दूसरा विश्व कप जीता और हार्दिक दोनों विश्व कप में टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे।

## बांग्लादेश बनाम पाकिस्तानः तंजीद हसन तमीम ने वनडे में अपना पहला शतक लगाया

नईदिल्ली,(ए.)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन तमीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के तीसरे वनडे मैच में बेहतरीन शतक (107) लगाया। यह उनके युवा वनडे करियर का पहला शतक साबित हुआ। इस बीच उन्होंने सैफ हसन (36) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी करते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। आइए तंजीद की पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

ढाका में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेशी टीम से तंजीद ने उम्दा बल्लेबाजी की। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पाकिस्तानी गेंदबाजों के सामने डटकर बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। 25 वर्षीय इस सलामी बल्लेबाज ने नजमुल हुसैन शांतो (27) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। उन्होंने 98 गेंदों में अपनी पारी को शतक में तब्दील किया। वह 107 गेंदों में 107 रन बनाकर आउट हुए।तंजीद ने 2023 में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने वनडे करियर का आगाज किया था। उन्होंने अब तक 31 मैचों की 30 पारियों में 700 से अधिक रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दूसरी बार 50+ रन का स्कोर बनाया है। इसी सीरीज के पहले वनडे में तंजीद ने नाबाद 67 रन की पारी खेली थी।तंजीद इस सीरीज में फिलहाल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने 3 पारियों में 87.50 की औसत और 112.18 की स्ट्राइक रेट के साथ 175 रन बनाए हैं।

तंजीद ने अपनी इस शतकीय पारी के दौरान लिस्ट-ए क्रिकेट में अपने 3,000 रन पूरे किए। उन्होंने अब तक 108 मैच खेले हैं, इसकी 106 पारियों में 3,050 से अधिक रन बनाए हैं।

# सैमसन ने माना एक बार उनके दिमाग में भी शतक लगाने का विचार आया था



मुम्बई (ए.)। टी20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज संजू सैमसन टूर्नामेंट में तीन बार शतक के करीब आकर भी उसे पूरा नहीं कर पाये क्योंकि टीम की जरुरतों के हिसाब से उन्होंने तेजी से खेला। इसी को लेकर एक कार्यक्रम में संजू ने माना है कि एक बार उसके मन में शतक बनाने का विचार आया पर अगले ही पल उसे लगा कि शतक से अधिक टीम की जीत जरुरी है। इसलिए उसने शतक का विचार छोड़कर टीम की जरुरतों के हिसाब से खेलना तय किया। सैमसन ने पांच मैचों में कुल 321 रन बनाये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 199.37 का रहा। वह टूर्नामेंट में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनके पास तीन बार शतक लगाने का अवसर था पर उन्होंने निजी उपलब्धि की चिंता नहीं की। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ करो या मरो सुपर-8 मैच में नाबाद 97 रन बनाये जबकि इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रन बनाए। इसके अलावा न्यूजीलैंड के विरुद्ध फाइनल में 89 रन बनाये।

सैमसन ने कहा, लोग कहते हैं कि मैं तीन बार शतक नहीं लगा पाया पर मुझे लगता है उससे बहुत बड़ा काम हुआ है। मैंने शतक न बनाकर अधिक बेहतर योगदान दिया। मुझे ऐसा ही लगता है हालांकि मैं ये नहीं कहूंगा कि मैंने 100 के बारे में सोचा ही नहीं। हर किसी की तरह ही मेरे मन में भी आया था कि एक बार 100 बन जायें तो और अधिक मजा आयेगा पर बाद में सोचा कि जिस प्रकार खेलते हुए मैं यहां तक पहुंचा हूं, वैसे ही खेलूंगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया, ये बने रिकॉर्ड्स

नईदिल्ली,(ए.)। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ उसने 5 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। कीवी टीम की बल्लेबाजी बेहद खराब रही और उनका कोई भी बल्लेबाज 30 रन भी नहीं बना पाया। दक्षिण अफ्रीका को सिर्फ 92 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने आसानी से हासिल कर लिया। ऐसे में आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं।

कीवी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ। न्यूजीलैंड के लिए जिमी नीशम ने सबसे ज्यादा 26 रन बनाए। पूरी टीम 14.3 ओवर में पवेलियन में थी। दक्षिण अफ्रीका के लिए नकोबानी मोकोएना ने 3 विकेट लिए। जवाब में प्रोटियाज ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कॉनर एस्टरहुइजेन ने 45 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 4 ओवर में सिर्फ 8 रन खर्च कर 1 विकेट लिया।

मोकोएना ने 3.3 ओवर गेंदबाजी की और सिर्फ 26 रन देकर 3 विकेट लिए। उनकी इकॉनमी रेट 7.40 की रही। ये खिलाड़ी अपना पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहा था। 19 साल के इस खिलाड़ी ने अब तक 17 टी-20 मुकाबले खेले हैं और इसकी 20 पारियों में 19 विकेट लेने में सफल रहे हैं। मोकोएना ने अपने टी-20 करियर में एक बार 4 विकेट हॉल भी लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/34 का रहा है।

दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएत्जी ने 3 ओवर में सिर्फ 14 रन खर्च किए और 2 विकेट अपने नाम किए। उनकी इकॉनमी रेट केवल 4.70 की रही। ऑटनील बार्टमैन ने भी मैच में अच्छी गेंदबाजी की और 3 ओवर में केवल 22 रन खर्च करते हुए 2 विकेट लिए। उनकी इकॉनमी रेट 7.30 की रही।

## पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

नईदिल्ली(ए)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया। उनके नेतृत्व में पाकिस्तानी टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2017 का खिताब जीता था। वह पिछले कुछ सालों में टीम से बाहर चल रहे थे। 2007 में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर की शुरुआत करने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2023 में पाकिस्तान की ओर से आखिरी मैच (टेस्ट) खेला था। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

सरफराज ने बयान में कहा, पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। 2006 में अंडर-19 टीम को चैंपियन बनाने से लेकर 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी उठाने तक, पाकिस्तान की जर्सी में बिताया हर पल खास रहा है। पाकिस्तानी टीम का सभी प्रारूप में कप्तानी करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा था। मैंने हमेशा निडर क्रिकेट खेलने और एक एकजुट टीम बनाने की कोशिश की।सरफराज पाकिस्तान की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 3,000 से अधिक रन बनाने वाले इकलौते विकेटकीपर हैं। सरफराज ने साल 2010 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत की थी। उन्होंने 54 टेस्ट की 95 पारियों में 37.41 की औसत के साथ 3,031 रन बनाए। इस प्रारूप में 118 रन के उच्चतम स्कोर के साथ उन्होंने 4 शतक और 21 अर्धशतक लगाए।

सरफराज ने अपने वनडे करियर में 117 मैच खेले थे, जिसमें 33.55 की औसत और 87.85 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,315 रन बनाए। इस बीच उन्होंने 105 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 2 शतक और 11 अर्धशतक लगाए। उन्होंने 61 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भी पाकिस्तानी टीम का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें 27.26 की औसत और 125.26 की स्ट्राइक रेट के साथ 818 रन बनाए थे।

# बीसीसीआई ने जारी किये सभी दस आईपीएल टीमों के कप्तानों के नाम

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल 2026 के लिए कप्तानों के नाम घोषित कर दिये हैं। आईपीएल में इस बार भी 10 टीमें उतरेंगी। इन सभी टीमों के कप्तानों की घोषणा हो गयी है। कप्तानों की सूची में अधिक बदलाव नहीं हुए हैं। मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तानी इस बार भी रजत पाटीदार के पास रहेगी। वहीं, पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की कप्तानी एक बार फिर श्रेयस अय्यर करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी अक्षर पटेल के पास रहेगी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी ऋषभ पंत करेंगे।



मुंबई इंडियंस की कप्तानी हार्दिक पांड्या करेंगे। पिछले सत्र में भी वहीं कप्तान थे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ करेंगी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने भी पिछले बार के कप्तान अजिंक्य रहाणे को बरकरार रखा है। राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी में बदलाव हुआ है और इस बार रियान पराग कप्तान बनाये ये थे। रियान ने हालांकि पिछली बार नियमित कप्तान संजू सैमसन के साथ कुछ मैचों में कप्तानी की थी। सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी इस बार भी पैट कमिंस करेंगे। पिछले बार भी वही कप्तान रहे थे। गुजरात टाइटन्स की कप्तानी शुभमन गिल ही करेंगे।

### आईपीएल टीमों के कप्तान

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - रजत पाटीदार
पंजाब किंग्स - श्रेयस अय्यर
लखनऊ सुपर जायंट्स - ऋषभ पंत
मुंबई इंडियंस - हार्दिक पांड्या
चेन्नई सुपर किंग्स - रुतुराज गायकवाड़
कोलकाता नाइट राइडर्स - अजिंक्य रहाणे
राजस्थान रॉयल्स - रियान पराग
सनराइजर्स हैदराबाद - पैट कमिंस
गुजरात टाइटन्स - शुभमन गिल
दिल्ली कैपिटल्स - अक्षर पटेल

# विदेश समाचार

## मैं तो कॉफी के लिए ही मर रहा हूं, मौत की अफवाहों पर बोले नेतन्याहू, जारी किया वीडियो

यरुशलम,(ए.)। ईरान पर इजरायल और अमेरिका का हमला जारी है। वहीं ईरान भी रह-रहकर इजरायल और खाड़ी देशों में अमेरिका ठिकानों को निशाना बना रहा है। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने लगी थीं। लेकिन अब अपनी मौत की अफवाहों पर चुटकी लेते हुए रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया जिसमें वह सड़क किनारे बाजार में कॉफी का ऑर्डर देते नजर आ रहे हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर पिछले एक सप्ताह से नेतन्याहू की सार्वजनिक रूप से अनुपस्थिति को लेकर अटकलें तेज थीं, खासकर तब जब एक वीडियो सामने आया जिसमें नेतन्याहू के हाथ में छह उंगलियां दिखीं। इस वीडियो ने अमेरिका-इजराइल के 28 फरवरी के संयुक्त हमले और ईरान की तेज रिएक्शन के बीच खाड़ी क्षेत्र में फैले युद्ध की पृष्ठभूमि में नयी बहस और अफवाहों को हवा दे दी। रविवार को नेतन्याहू ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्हें कॉफी लेने के दौरान कहते सुना जा सकता है, बहुत बढ़िया (कॉफी देने वाले विक्रेता से), धन्यवाद।



# खाड़ी के देशों को जंग से जुड़ी तकनीक सिखाएंगे जेलेंस्की, बदले में लेंगे पैसा और तकनीक

कीव,(ए.)। ईरान और खाड़ी देशों के बीच बढ़ते युद्ध के खतरों और लगातार होते मिसाइल-ड्रोन हमलों के बीच एक नया कूटनीतिक मोड़ सामने आया है। यूक्रेन ने अमेरिका और उसके खाड़ी सहयोगी देशों को सुरक्षा संबंधी मदद देने का प्रस्ताव रखा है, लेकिन राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने स्पष्ट कर दिया है कि यह सहायता बिना शर्त नहीं होगी। यूक्रेन ने अपनी ड्रोन विशेषज्ञता साझा करने के बदले रूस से चल रहे युद्ध के लिए भारी वित्तीय सहायता और आधुनिक सैन्य तकनीक की मांग रखी है।



रूस के साथ पिछले चार वर्षों से जारी भीषण युद्ध के दौरान यूक्रेन ने ईरान द्वारा डिजाइन किए गए कामिकाजे और शाहेद ड्रोन से निपटने का व्यापक अनुभव प्राप्त किया है। दरअसल, शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल रूस ने यूक्रेनी शहरों और बुनियादी ढांचे को तबाह करने के लिए बड़े पैमाने पर किया है। अब यूक्रेन इसी अनुभव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक रणनीतिक संपत्ति के रूप में पेश कर रहा है। जेलेंस्की का तर्क है कि जो देश समान ड्रोन खतरों का सामना कर रहे हैं, यूक्रेन उन्हें प्रभावी ड्रोन-रोधी सुरक्षा प्रणाली विकसित करने में मदद कर सकता है।

रिपोर्टों के अनुसार, यूक्रेन ने कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों में अपने विशेषज्ञों की टीमें भेजी हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बताया कि प्रत्येक टीम में दर्जनों विशेषज्ञ शामिल हैं, जो स्थानीय स्थिति का आकलन कर यह बताएंगे कि ड्रोन हमलों को कैसे विफल किया जाए। कीव लंबे समय से पश्चिमी देशों से वायु-रक्षा मिसाइलों और आधुनिक हथियारों की मांग कर रहा है, और अब वह खाड़ी देशों के संकट को अपनी जरूरतों को पूरा करने के अवसर के रूप में देख रहा है। हालांकि, अमेरिका के भीतर से इस पर मिली-जुली प्रतिक्रिया आई है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा कि उनके देश को ड्रोन रक्षा के लिए यूक्रेन की मदद की आवश्यकता नहीं है, लेकिन इसके बावजूद यूक्रेन अपनी विशेषज्ञता को सौदेबाजी के लिए इस्तेमाल कर रहा है।

दूसरी ओर, ईरान ने यूक्रेन के इस कदम पर बेहद तीखी प्रतिक्रिया दी है। ईरान ने इसे एक मजाक और दिखावटी कदम करार दिया है। कीव में ईरान के दूत शाहियार अमूजेगर ने कहा कि यूक्रेन अब प्रभावी रूप से ईरान के साथ सीधे टकराव के चरण में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूक्रेन पश्चिमी देशों से अधिक पैसा और संसाधन बटोरने के लिए ईरान कार्ड खेल रहा है।

## अबू धाबी के अल-बह्यह में गिरी मिसाइल, एक फिलिस्तीनी नागरिक की मौत

अबू धबी सिटी,(आरएनएस)। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान का संयुक्त अरब अमीरात पर हमले जारी है। सोमवार को दुबई के साथ-साथ राजधानी अबू धाबी में भी हमले किए गए हैं। अबू धाबी मीडिया ऑफिस ने बताया कि अल-बह्याह इलाके में एक वाहन पर मिसाइल गिरने से एक फिलिस्तीनी नागरिक की मौत हो गई है। अधिकारियों ने जनता से अफवाहें या असत्यापित जानकारी फैलाने से बचने का अनुरोध किया है और सत्यापित सूचनाओं पर विश्वास करने को कहा है।

सोमवार तड़के ईरान ने दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास भी कई हमले किए हैं। हालांकि, इससे किसी के घायल होने या हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। हमलों के बाद हवाई अड्डे से कई प्रमुख उड़ानों को रद्द कर दिया गया। भारत में एयर इंडिया और इंडिगो ने अपनी दुबई की उड़ानों को रद्द किया है। दोपहर बाद दुबई हवाई अड्डा प्रशासन ने बताया कि उन्होंने कुछ उड़ानों को फिर शुरू कर दिया है।

यूएई सरकार देश में अफवाह और फर्जी खबरें प्रसारित करने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। अभी तक इस मामले में 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें 19 भारतीय हैं। सभी भारतीयों पर आरोप है कि उन्होंने बिना किसी पुष्टि से गलत सूचनाओं को प्रसारित किया, एआई वीडियो बनाकर गलत जानकारी दी और हमला करने वाले देश की सेना का महिमामंडन किया है। सभी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## ईरान के चाबहार व्यापार क्षेत्र के पास अमेरिका ने किया हमला, सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिका ने ईरान के चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र के पास सैन्य ठिकानों पर हमला किया है। वॉयस ऑफ अमेरिका की फारसी भाषा सेवा ने बताया कि ईरान के इस अहम व्यापार क्षेत्र के पीछे एक पहाड़ पर जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं। ये इलाका ईरान के दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांतों में पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। यह अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप तक पहुंच के लिए भारत के लिए भी अहम है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन हमलों से मुख्य चाबहार बंदरगाह को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है, बल्कि केवल पास के सैन्य ठिकानों को ही निशाना बनाया गया है। ओमान की खाड़ी के सामने स्थित इस इलाके में ईरान की कई नौसैनिक संपत्तियां, मिसाइल केंद्र, वायु रक्षा प्रणालियां और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के ठिकाने मौजूद हैं। इन हमलों का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात को होने वाले खतरों का मुकाबला करना और जहाज-रोधी मिसाइल प्रणालियों को नष्ट करना है। चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र एक विशेष आर्थिक और रणनीतिक क्षेत्र है, जो औद्योगिक और पारगमन केंद्र के रूप में कार्य करता है। इसकी स्थापना 1992 में विदेशी निवेश को आकर्षित करने और पारंपरिक और भीड़भाड़ वाले व्यापार मार्गों को दरकिनार करने के लिए की गई थी। ये मध्य एशिया को हिंद महासागर से जोड़ता है। इससे तेहरान को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरे बिना सीधे हिंद महासागर तक पहुंच मिलती है। चाबहार भारत के लिए रणनीतिक रूप से बहुत अहम है। यह भारत को अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप तक आसान पहुंच देता है, और क्षेत्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास का मुख्य केंद्र है। इसके जरिए भारत पाकिस्तान के बजाय अपना माल सीधे अफगानिस्तान भेज सकता है। अब तक भारत को व्यापार के लिए पाकिस्तान से होकर गुजरना पड़ता था। चीन के नजरिए से भी ये अहम है, क्योंकि ये ग्वादर बंदरगाह के बराबर ही ओमान की खाड़ी में है 2024 में चाबहार स्थित शाहिद बेहेस्ती बंदरगाह के संचालन के लिए भारत और ईरान के बीच करीब 3,000 करोड़ रुपये का अहम समझौता हुआ था।

# ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई रूस में, पुतिन के आवास पर हो रहा इलाज



मॉस्को,(आरएनएस)। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई कहां हैं, इसको लेकर कई अटकलें लग रही हैं। पहले कहा गया कि अमेरिका-इजरायल के हमले में वे गंभीर घायल हो गए और फिलहाल कोमा में हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी दावा किया था कि वे जीवित नहीं हैं। अब एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मोजतबा कथित तौर पर रूस में हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में घायल होने के बाद खामेनेई इलाज के लिए मॉस्को चले गए हैं। उनका इलाज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास से जुड़े एक निजी चिकित्सा केंद्र में चल रहा है। रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि खामेनेई को युद्ध के बारे में जानकारी नहीं है और ये भी नहीं पता है कि वे ईरान के सुप्रीम लीडर नियुक्त किए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा को एक रूसी सैन्य विमान में बेहद गुप्त अभियान के तहत मॉस्को लाया गया है।एक सूत्र का हवाला देते हुए दावा किया कि मॉस्को में मोजतबा की सर्जरी की गई है और वह फिलहाल पुतिन के आवासों में से एक आवास में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, घायल होने के बाद मोजतबा को गहन चिकित्सा निगरानी और विशेष देखरेख की जरूरत थी, जो युद्धग्रस्त ईरान में नहीं मिल सकती थी।रिपोर्ट के मुताबिक, 12 मार्च को पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्किया से फोन पर बात की थी। इस दौरान पुतिन ने खुद मोजतबा को इलाज के लिए रूस लाने का प्रस्ताव दिया था। इस प्रस्ताव पर ईरानी अधिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई और फिर मोजतबा को रूस भेजने का फैसला लिया गया। हालांकि, अभी तक न तो ईरानी और न ही रूसी अधिकारियों ने इस संबंध में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।हाल ही में सूत्रों के हवाले से बताया था कि ईरान के सीना विश्वविद्यालय अस्पताल में मोजतबा का इलाज चल रहा है और ईरान के स्वास्थ्य मंत्री मोहम्मद रजा जफरगंदी उनकी देखरेख कर रहे हैं।

## यूएई में फर्जी वीडियो फैलाने के आरोप में 19 भारतीयों समेत 35 लोग गिरफ्तार

दुबई,(ए.)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और मनगढ़ंत वीडियो पोस्ट करने के आरोप में 35 लोगों की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं। इन आरोपियों में 19 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। यह कार्रवाई उस समय की गई है जब अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बाद मध्य-पूर्व में तनाव चरम पर है। यूएई प्रशासन का कहना है कि इन लोगों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर छेड़छाड़ किए गए वीडियो और झूठी खबरें फैलाईं, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर भय और भ्रम का माहौल पैदा हो सकता था। अटॉर्नी-जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्स के अनुसार, यह कार्रवाई डिजिटल प्लेटफॉर्म की कड़ी निगरानी के दौरान की गई। जांच में सामने आया है कि आरोपी तीन अलग-अलग समूहों में संगठित होकर भ्रामक सामग्री फैला रहे थे। पहले समूह में शामिल 10 लोगों पर आरोप है कि उन्होंने यूएई के आसमान में मिसाइलों के गुजरने के वास्तविक वीडियो में डरावने साउंड इफेक्ट्स और भ्रामक टिप्पणियां जोड़कर उन्हें इस तरह पेश किया जैसे देश पर हमला हो रहा हो। इससे न केवल जनता में घबराहट फैलने का खतरा था, बल्कि देश की संवेदनशील रक्षा क्षमताओं से जुड़ी जानकारी भी उजागर हो सकती थी। दूसरे समूह के 7 लोगों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से नकली वीडियो बनाने और अन्य देशों की पुरानी घटनाओं को यूएई का बताकर साझा करने का आरोप है। इन वीडियो में धमाके और मिसाइल हमले जैसी फर्जी घटनाएं दिखाई गईं ताकि वे असली लगें। वहीं, तीसरे समूह के 6 लोगों पर शत्रुतापूर्ण देशों की सैन्य कार्रवाई और राजनीतिक नेतृत्व की प्रशंसा करने वाली सामग्री पोस्ट करने का आरोप है, जिसे राष्ट्रीय हितों के खिलाफ माना गया है। यूएई के कड़े साइबर कानूनों के तहत इन अपराधों के लिए कम से कम एक साल की जेल और एक लाख दिरहम (लगभग 22 लाख रुपये से अधिक) के जुर्माने का प्रावधान है।



# राजस्व मंत्री ने किया ग्राम आलमपुर में आगजनी से हुए फसल नुकसान का निरीक्षण

## अधिकारियों को सर्वे कर किसानों को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही के दिए निर्देश



सीहोर (निप्र)। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने सीहोर जिले के ग्राम आलमपुर पहुंचकर आगजनी की घटना में किसानों की फसलों को हुए नुकसान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रभावित किसानों से संवाद कर घटना की जानकारी ली और उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगजनी से प्रभावित सभी खेतों का शीघ्र सर्वे कराया जाए तथा जिन किसानों की फसल को नुकसान हुआ है, उन्हें शासन से नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। उल्लेखनीय है कि 16 मार्च को दोपहर के समय ग्राम आलमपुर में किसानों के गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई थी, जिससे किसानों की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा था। इस दौरान पंकज गुप्ता, तहसीलदार अविनाश सोनानिया सहित संबंधित अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत बुधनी में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनसमस्याओं और लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित कर नागरिकों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में अभियान के तहत बुधनी नगर परिषद कार्यालय में क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया गया। शिविरों में अनेक विभागों द्वारा नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और ग्रामवासियों से आवेदन प्राप्त कर निराकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। उल्लेखनीय है कि यह अभियान सुशासन, पारदर्शिता और जनहित में त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है। यह संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है।

### धूमधाम से मनाया गया मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव, प्रमुख मार्गों से निकाली शोभायात्रा

सीहोर (निप्र)। साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी का जन्मोत्सव शहर में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य चल समारोह और शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा का शुभारंभ शहर के जगदीश मंदिर चौराहे से हुआ। नमक चौराहा, बड़ा बाजार, मेन रोड, कोतवाली चौराहा होते हुए पुनः जगदीश मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा संपन्न हुई। चल समारोह के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर समाजजनों और नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर के समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कथावाचक हर्षित शास्त्री, सीताराम यादव सुदीप प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, आशीष गहलोत सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। चल समारोह में बैंड, ढोल-बाजे, बागी, घोड़े और आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

# आज मनाया जाएगा भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण और माता रुकमणी का विवाह महोत्सव

## भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन- गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग का महत्व विस्तार से बताया



सीहोर (निप्र)। जायसवाल परिवार के औंकार प्रसाद जायसवाल एवं समस्त सनातन प्रेमी भक्तजन तत्वाधान में शहर के महिला घाट गंगेश्वर महादेव शनि मंदिर परिसर नदी चौराहे पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के शिष्य महंत उद्धव दास महाराज द्वारा किया जा रहा है। सोमवार को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित कर उनकी आराधना की गई, जिससे पूरा पंडाल श्रद्धा और उत्साह से भर गया। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से इंद्र के अभिमान को तोड़ा। उन्होंने ब्रजवासियों को प्रकृति और गौ-सेवा का महत्व समझाया। गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि जब ब्रजवासी इंद्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे, तब भगवान कृष्ण ने उन्हें इंद्र के बजाय गोवर्धन पर्वत और प्रकृति की पूजा करने के लिए प्रेरित किया। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने मूसलाधार वर्षा की। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर सात दिनों तक गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों को सुरक्षित आश्रय प्रदान किया। इस प्रकार उन्होंने इंद्र के अभिमान का मान-मर्दन किया। श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा और अघासुर वध का वर्णन और गोवर्धन पर्वत को उंगली पर उठाकर इंद्र का अहंकार तोड़ने की कथा, माखन चोरी, और कालिया नाग मर्दन का प्रसंग सुनाया, जो भक्तों को अहंकार त्यागने व कर्मयोग का संदेश देता है। भक्ति, नम्रता और विश्वास के महत्व पर बात की।

### ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर रजिस्ट्रेशन प्रारंभ, अंतिम तिथी 10 जून

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बालिका तथा बालक छात्रावासों में सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इसके लिए विभाग की वेबसाइट एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से कक्षा 6वी एवं अन्य कक्षाओं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन फार्म भरे जा रहे हैं। वर्ष 2026-27 में रिक्त सीटो की पूर्ति हेतु ऑनलाईन फार्म भरने की सुविधा 10 मार्च 2026 से 10 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा विशेष रूप से वंचित वर्गों के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालक- बालिका छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय कुश्ती महाकुंभ सम्पन्न देशभर से आये पहवानों ने दिखाया दमखम

सीहोर ।अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वाधान में राष्ट्रीय कुश्ती महाकुंभ का आयोजन शनिवार, 15 मार्च को स्थानीय पीजी कॉलेज ग्राउण्ड भोपाल नाका, सीहोर में किया गया। जिसमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र सहित देशभर के पहलवानों ने अपना-अपना दम दिखाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रमेश सक्सेना एवं सरंक्षक अतुल राठौर काका, वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय व विशिष्ट अतिथि के



रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, वरिष्ठ पत्रकार बसंत दासवानी, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, हिन्दु उत्सव समिति अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, डॉ.गगन नामदेव, पार्षद अर्जुन राठौर, आशीष गेहलोत, लविन अरोरा, डॉ.भरत आर्य, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, नन्दकिशोर पहलवान, शंकर सम्राट, लक्ष्मीनारायण कुशवाह, एएचपी जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा, रामकृष्ण शर्मा, बंटी आर्य, अजय बिसोरिया पहलवान, मुकेश परमार, राजेश मेवाड़ा, राहुल राठौर, नवीन राठौर, गोविन्द मीणा, प्रशांत राठौर, राहुल जाटव, जयश राठौर के द्वारा हनुमान दद्दा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. श्री गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

## सीसीए ने पीपीसीए को 21 रन और पल्स ने विदिशा को 41 रन से हराया



सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. श्री गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को प्रतियोगिता के दौरान दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीसीए और पीपीसीए के मध्य खेला गया जिसमें सीसीए ने पीपीसीए को 25 रन और दूसरे मैच में पल्स ने विदिशा को 41 रन से हराया। प्रतियोगिता के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

सोमवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए सीसीए ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 134 रन बनाए थे। इसमें प्रताप ने 17 रन, श्रीवास ने 20 रन, अनस ने 38 रन और शिवेन्द्र ने 22 रन की पारी खेली। इधर पीपीसीए अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए विशांक शिंदे ने तीन विकेट, स्पनिल ने दो विकेट, अनुज-निर्भय प्रजापति ने एक-एक विकेट हासिल किया।

**पीपीसीए मात्र 16 ओवर में सिमट गई**

आयोजन समिति की ओर से प्रियांशु दीक्षित और अतुल त्रिवेदी ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपीसीए अकादमी की टीम 16.3 ओवर में 109 रन ही बना सकी। इसमें उरेश भारती ने 11, उज्जवल ने 22 रन, आदित्य ने 12 रन, दिपेश सेन ने 10 रन और हार्दिक ने 29 रन की पारी खेली। वही सीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए राज ने पांच विकेट, नवीन ने तीन रन, प्रताप-श्रीवास ने 1-1 विकेट हासिल किया।इधर एक अन्य मुकाबले में पल्स ने विदिशा को 41 रन से हराया। दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पल्स की टीम 17.4 ओवर में दस विकेट खोकर 168 रन ही बना सकी। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदिशा टीम 16.4 ओवर में 127 रन पर सिमट गई।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में एनसीसी,एनएसएस कैडेट्स को दिया गया भूकंप आपदा राहत प्रशिक्षण

सीहोर (निप्र)। सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों के लिए एसडीईआरएफ की टीम द्वारा भूकंप आपदा राहत प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ रोहिताश्व शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल एवं जनजाग्रति एवं कैपेसिटी बिल्डिंग अंतर्गत जीवन रक्षा एवं आपदा प्रबंधन के लिए दिया गया।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितिन बातव ने बताया कि यह प्रशिक्षण एसडीईआरएफ के प्लाटून कमांडर अशोक पाटीदार, महेंद्र वर्मा, भीम सिंह दीपक पटेल एवं मनोहर द्वारा दिया गया। इस दौरान उप प्राचार्य डॉ. उदय डोलस एवं डॉ. जितेंद्र आर्य, एनसीसी सहयोगी डॉ. सतीश शर्मा, एनएसएस प्रभारी डॉ. मौली थॉमस एवं एनएसएस प्रभारी विशाल परमार उपस्थित थे।

# घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए निरंतर की जा रही है छापामार कार्रवाई

## कार्रवाई में जब्त किए गए 12 घरेलू गैस सिलेंडर

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं



प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए जा रहे हैं एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधनी में जांच के दौरान बुधनी स्थित 07 दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर कार्रवाई करते हुए 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसी प्रकार बुधनी में भी खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश यादव, सुश्री मृगी अग्रवाल एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रेशमा भामोर ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और पर्याप्त आपूर्ति बनी हुई है।

## शिवराज सिंह अधिकारियों पर बना रहे अनावश्यक दबाव

**कभी पेन ड्राइव का नाम लेकर धमकाना तो कभी घड़ियाली आंसू बहाना उनको शोभा नहीं देता**

सीहोर (निप्र)। शनिवार को दिशा की बैठक सीहोर जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई थी, जिसमें मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आए थे। इस बैठक में वो खनिज विभाग के अधिकारियों पर जमकर बरसे थे और कहा था कि उनके पास पेन ड्राइव में पूरे सबूत हैं कि किस प्रकार नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन किया जा रहा है और अब वो ये सब बर्दाश्त नहीं करेंगे तथा कड़ी कार्रवाई करवाएंगे। इसको लेकर सीहोर जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने उनके ऊपर निशाना साधा है। पंकज शर्मा ने एक बयान जारी कर कहा है कि शिवराज सिंह चौहान लगभग सत्रह साल तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और अब वर्तमान में देश के कृषि मंत्री हैं। उनका इस प्रकार यूं झूठ बोलना शोभा नहीं देता। सारा प्रदेश जानता है कि उनके कार्यकाल में ही नर्मदा नदी में सबसे ज्यादा अवैध उत्खनन किया गया और पूरी नर्मदा नदी को छलनी कर दिया गया। उनके ही कार्यकाल में मां नर्मदा की छाती बड़ी बड़ी जेसीबी मशीनों और पोकलेन तथा डंपर से चीर दी गई और नर्मदा मैया की धार इतनी कम रह गई, जैसे कि वो कोई मामूली नाला हो। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि उनके मुख्यमंत्रित्व काल में तो मां नर्मदा के संपूर्ण अस्तित्व पर ही संकट खड़ा हो गया था और यदि कुछ समय और ऐसा ही रहता तो मां नर्मदा का अस्तित्व पूरी तरह से ही खत्म हो जाता। उन्होंने कहा कि आज जब शिवराज जी मुख्यमंत्री पद से हट गए हैं, तो उन्हें नर्मदा मैया की याद आ रही है। कभी वो अधिकारियों को पेन ड्राइव के नाम पर डराते हैं, तो कभी घड़ियाली आंसू बहाते हैं। ये सब चीजें इतने बड़े नेता को शोभा नहीं देती। पंकज भैया ने सवाल उठाया कि उनके क्षेत्र में खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि वो खुलेआम नर्मदा नदी में अवैध खनन करने का दुस्साहस कर रहे हैं।यदि इतने बड़े नेता के क्षेत्र में बिना उनकी जानकारी के ऐसा हो रहा है, तो ये बहुत ही दुर्भाग्य की बात है और स्वयं उनके ऊपर ही सवाल खड़े करता है। पंकज शर्मा ने अंत में शिवराज सिंह चौहान को ऐसी नौटंकियां बंद करके मां नर्मदा को छलनी होने से बचाने के लिए कुछ सार्थक कार्य करने और ठोस कदम उठाने का सुझाव दिया, जिससे प्रदेश की जीवनरेखा नर्मदा नदी का अस्तित्व बना रहे और उनके मुख्यमंत्रित्व काल में जो नर्मदा मैया की दुर्दशा हुई थी, उसका प्राश्चित भी हो सके।

# अब बार-बार रिन्यूअल कराने का झंझट खत्म

**जिसका भी खाने-पीने का कारोबार है उसके लिए खुशखबरी है-अम्बर जैन जिलाध्यक्ष सीएआईटी**



सीहोर (निप्र)। सीएआईटी के जिलाध्यक्ष अम्बर जैन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अब खाद्य नियामक एफएसएसएआई के लाइसेंस का बार-बार नवीकरण कराने का झंझट खत्म हो गया है। एफएसएसआई ने रजिस्ट्रेशन को आजीवन वैधता दे दी है। साथ ही टर्नओवर लिमिट और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए नियमों में बड़े बदलाव किए हैं।एमएसएमई और कारोबारियों को इससे फायदा होगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने की दिशा में भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। फूड रेगुलेटर ने घोषणा की है कि अब उसके रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और लाइसेंस की वैधता आजीवन होगी। इस फैसले के बाद फूड बिजनेस से जुड़े कारोबारियों को अब अपने लाइसेंस बार-बार रिन्यू कराने की आवश्यकता नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 मार्च से कई व्यापक विनियामक और प्रक्रियात्मक सुधारों को अपनी मंजूरी दे दी है। टर्नओवर लिमिट में भी बड़ा बदलाव किया गया है, नियामक बोझ को कम करने के लिए लाइसेंसिंग और रजिस्ट्रेशन की टर्नओवर सीमा में भी अहम बदलाव किए गए हैं। एफएसएसएआई ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से रजिस्ट्रेशन के लिए टर्नओवर की सीमा को 12 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा। अब 50 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले व्यवसायों के लिए स्टेट लाइसेंस की आवश्यकता होगी, जबकि 50 करोड़ रुपये से अधिक के टर्नओवर वाले व्यवसायों पर सेंट्रल लाइसेंसिंग के नियम लागू होंगे।

कैट के राष्ट्रीय महासचिव और चाँदनी चौक दिल्ली के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि रिन्यूअल से मुक्ति मिलेगी और लागत भी कम होगी एसएफ़एसई रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस पहले एक से पांच साल तक की अवधि के लिए जारी किए जाते थे।आजीवन वैधता मिलने से सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए कंप्लायंस कॉस्ट (अनुपालन लागत) घटेगी,कागजी कार्रवाई कम होगी और लाइसेंसिंग अधिकारियों से बार-बार संपर्क करने की जरूरत खत्म होगी। इससे ऑपरेशन्स में सुधार आएगा। दस लाख स्ट्रीट वेंडर्स को राहत मिलेगी। दोहरे अनुपालन की समस्या को खत्म करने के लिए,नगर निगमों या टाउन वेंडिंग कमेटियों (स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट, 2014) के तहत रजिस्टर्ड स्ट्रीट फूड वेंडर्स को एफएसएसएआई के तहत डीम्ड रजिस्टर्ड माना जाएगा। इससे दस लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को कई विभागों में चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी और वे अपनी आजीविका और स्वच्छता पर अधिक ध्यान दे सकेंगे।

## भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बैतूल पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि

सीहोर (निप्र)। भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका



अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने बैतूल पहुंचकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की बेटी के असामयिक निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्ति की हैं। इस दौरान श्री अरोरा ने भाजपा अध्यक्ष की दिवंगत बेटी स्वर्गीय सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर बेटी को श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति भी प्रदान करें। इस दौरान झुग्गी झोपड़ी महासंघ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सेवा यादव, वरिष्ठ नेता राजू बोयत, युवा नेता छगन यादव भी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत जिले की 134 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

सीहोर (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 16 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 134 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा।


**कार्यालय शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर (म.प्र.)**

**क्र./514/आवश्यक सामग्री/ई-निविदा/2026** **सीहोर दिनांक 11.03.2026**

**आवश्यक सामग्री ई-निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाश सत्र् 2025-26**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा शास. आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर म.प्र. में सत्र् 2025-26 के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके अन्तर्गत आवश्यक सामग्री ई-टेंडर आमंत्रण का प्रकाशन किया जाना है।

1 आवश्यक सामग्री - निविदा क्र. 2026_DPI_489420_1

सरल क्रमांक 01 पर अंकित आवश्यक सामग्री ई-निविदा की जाना है जोकि भण्डार क्रय नियम सेवा उपार्जन नियम 2015/2024 के सभी नियमानुसार उप नियम तथा शर्तो के अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाना है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा जारी करने की दिनांक. | 11.03.2026 |
| ऑनलाईन निविदा में भाग लेने की अंतिम दिनांक. | 18.03.2026 |
| ऑनलाईन निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने की दिनांक | 19.03.2026 |

क्रय समिति अध्यक्ष/सदस्यों के निर्णय अनुसार वित्तीय दर खोली जावेगी कृपया ई-निविदा का निःशुल्क प्रकाशन प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन करवाने का कष्ट करें।

**नोटः- ई-निविदा की वेबसाईट https://www.mptender.gov.in अपलोड की जा रही है।**

जी/27440/25

**प्राचार्य**
**शा.आवासीय खेलकूद संस्थान**
**सीहोर (म.प्र.)**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com